mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-274 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
03 सितंबर 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



क्रिकेटर हार्दिक पंड्या...

@ पेज 7



# जगदम्बा की 'साधना' में लीन होंगे भक्त, नवरात्रि आज से

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कल 3 अक्टूबर, गुरुवार से नवरात्रि शुरू हो रही है। इस बार अंग्रेजी तारीखों और तिथियों का तालमेल गड़बड़ होने से अष्टमी और महानवमी की पूजा 11 तारीख को होगी। 12 अक्टूबर, शनिवार को दशहरा मनेगा। जिससे देवी पूजा के लिए पूरे नौ दिन मिलेंगे। नवरात्रि के पहले दिन घट (कलश) स्थापना की जाती है। इसे माता की चौकी बैठाना भी कहा जाता है। इसके लिए दिनभर में दो ही मुहूर्त रहेंगे। देवी पूजा का ये पर्व 11 अक्टूबर तक चलेगा। 11 तारीख को तिथियों की घट-बढ़ की वजह से दुर्गा अष्टमी और दुर्गा नवमी एक ही दिन मनाई जाएगी। नवरात्रि में किए गए व्रत-उपवास से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, नवरात्रि के नौ दिनों में देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा करने से





भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। नवरात्रि के पहले दिन देवी शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कुष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठे दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी और नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। एक साल में कुल चार बार नवरात्रि आती है। पहली चैत्र मास में, दूसरी आषाढ़ में, तीसरी आश्विन में और चौथी माघ मास में। चैत्र और आश्विन मास की नवरात्रियां सामान्य होती हैं। इन नवरात्रियों में देवी की सरल तरीकों से पूजा की जाती है। आषाढ़ और माघ मास में गुप्त नवरात्रि कही जाती है। इन महीनों में देवी की दस महाविद्याओं के लिए गुप्त साधानाएं की जाती हैं। ये तंत्र-मंत्र से जुड़े लोगों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।

**कलश स्थापना के लिए दिनभर में दो मुहूर्त, 12 को दशहरा**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम मां शैलपुत्री



नवरात्रि उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों का सम्मान एवं पूजा की जाती है। जिसे नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। मां दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरूप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है।

### पुणे में हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, 3 लोगों की मौत

● इनमें 2 पायलट, 1 इंजीनियर शामिल, टेक ऑफ के बाद 1.5 किमी दूर हादसा

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे। तीनों की मौत हो गई। घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6.45 बजे हुई। पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ के



डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलीपैड से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी थी। करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया।

● दिल्ली में इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का बड़ा खुलासा

### स्पेशल सेल ने पकड़ी 2000 करोड़ रुपए की कोकीन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ड्रग्स तस्करी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। उनके पास से 560 किलोग्राम से ज्यादा कोकीन जब्त की है। इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया



है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोकीन की कीमत 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। नार्को-टेरर एंगल की भी जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने बुधवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि 2,000 करोड़ रुपये कीमत की 560 किलो से ज्यादा की कोकीन जब्त की है।

# तीसरे विश्वयुद्ध की आहट...

## ईरान-इजरायल संघर्ष से बढ़ा विश्व युद्ध का खतरा!

● ईरान के हमले के बाद इजरायल के निशाने पर परमाणु साइट ● भयंकर तनाव, संघर्ष बढ़ा तो दूसरे देश भी हो सकते हैं शामिल



**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल की आक्रमकता के बावजूद काफी समय से संयमित दिख रहे ईरान ने मंगलवार रात ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किए हैं। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद इजरायल भड़क गया है और ईरान से बदला लेने की धमकी दी है। इस बात की बहुत संभावना है कि अब इजरायल का अगला निशाना ईरान की परमाणु साइट हो सकती हैं। ये इजरायल का एक ऐसा कदम होगा, जो संघर्ष को ना सिर्फ भीषण रूप देगा बल्कि तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ भी दुनिया को ले जा सकता है। मिरर डॉट यूके की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल की परमाणु साइट पर हमले को ईरान अस्तित्व पर खतरे की तरह देखेगा। ईरान का परमाणु हथियार हासिल करने का सपना काफी पुराना है। ऐसे में ईरान इस तरह के हमलों के बाद पीछे नहीं हट सकेगा। इजरायल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने पर पश्चिम भी इसमें शामिल होगा। ईरान के सहयोगी रूस, उत्तर कोरिया और चीन भी हालिया घटनाक्रम पर नजर रख हुए हैं। वहीं यूक्रेन में भी संघर्ष है, जहां रूस के सामने लड़ते यूक्रेन को पश्चिम का समर्थन है। ये सब चीजें तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को बढ़ाती हैं। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि विश्वयुद्ध में दुनिया पहले ही उलझी है, बस इसका रूप अलग है। इसे 'हाइब्रिड वॉर' कहते हैं जो पर्दे के पीछे भी लड़ा जाता है।

## लेबनान में 2 किमी तक घुसे इजराइली सैनिक

**हिजबुल्लाह से भिड़े**

हिजबुल्लाह से जारी लड़ाई के बीच लेबनान में इजराइली सेना बॉर्डर से 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव में पहुंच गई है। आईडीएफ के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। आमने-सामने की



इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 2 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। इजराइली सेना ने लेबनान में अपनी दूसरी टुकड़ी भेजने की भी घोषणा की। उसने लेबनान के 25 गांवों में रह रहे लोगों से इलाका खाली करने को कहा। दूसरी तरफ, ईरान के हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि यूएन चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है।

## अब मणिपुर के उखरुल में हिंसा, 3 लोगों की मौत

**10 से ज्यादा घायल, जमीन विवाद में दो पक्षों में फायरिंग, चुराचांदपुर में उग्रवादी की हत्या**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है। चुराचांदपुर में उग्रवादी की गोली मारकर हत्या दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास मंगलवार को अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई।

## आरबीआई की मीटिंग से पहले मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में हुआ बड़ा बदलाव

**सरकार ने 3 नए सदस्यों की नियुक्ति की, 7-9 अक्टूबर को होगी मीटिंग**

**मुंबई (एजेंसी)।** सरकार ने मंगलवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी), में राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार सहित तीन नए बाहरी सदस्यों की नियुक्ति की है। एमपीसी में 6 सदस्य हैं, जिनमें से तीन केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव रंज हैं। जबकि, तीन बाहरी सदस्यों की नियुक्ति चार साल के लिए केंद्र सरकार करती है। अभी एमपीसी के बाहरी सदस्यों में प्रोफेसर आशिमा गोयल, प्रोफेसर जयंत वर्मा और नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार शशांक भिडे हैं। इनका कार्यकाल इसी हफ्ते खत्म हो रहा है। राम सिंह दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर हैं, डॉ. नागेश कुमार इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव हैं। सौगत भट्टाचार्य अर्थशास्त्री हैं। आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग 7-9 अक्टूबर को होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली इस मीटिंग में ब्याज दर पर फैसला लिया जाएगा। पिछली मीटिंग अगस्त को हुई थी, जिसमें कमेटी ने लगातार 9वीं बार दरों में बदलाव नहीं किया था। अक्टूबर में होने वाली मीटिंग में भी ब्याज दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। मीटिंग के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 9 अक्टूबर को देंगे। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 फीसदी बढ़ाई थी।




## मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल

**पार्टी ने बताया-लुटियंस दिल्ली में घर फाइनल हुआ, पार्टी हेडक्वार्टर से कुछ मीटर की दूरी पर है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में घर फाइनल हो गया है। वे जल्द ही सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड पर मुख्यमंत्री आवास खाली कर देंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्टी ने बताया कि केजरीवाल मंडी हाउस के पास फिरोज शाह रोड पर आप के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो बंगलों में से एक में रहने जा सकते हैं। बंगले पार्टी मुख्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर हैं। केजरीवाल ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।



## विनेश ने संघर्ष किया, मोदी जी की पुलिस ने उसके बाल खींचे

● सड़कों पर घसीटा, प्रियंका बोलीं-एमएसपी उन फसलों पर जो यहां उगती नहीं

**जुलाना (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी जींद जिले की विधानसभा जुलाना पहुंचीं। यहां उन्होंने पार्टी उम्मीदवार रेसलर विनेश फोगाट के लिए वोट मांगे।

मौके पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे। प्रियंका ने अपने भाषण के दौरान जवानों, किसानों और पहलवानों का जिक्र किया। पहलवानों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी बेटी विनेश जब अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रही थी तब मोदी जी की पुलिस ने इसके बाल खींचे, सड़कों पर घसीटा, लेकिन विनेश ने हार नहीं मानी। वह संघर्ष करते हुए ओलिंपिक तक पहुंची। वहीं, जवानों का जिक्र करते हुए प्रियंका ने अग्निवीर योजना पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मोदी



सरकार ने अग्निवीर योजना बनाकर युवाओं को बेरोजगार कर दिया। वह चार साल बाद ही दोबारा नौकरी खोजने लगते हैं।

# आदिवासियों को साधने की कोशिश, 83 हजार करोड़ की सौगात

● चुनाव से पहले झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने किया मेगा धमाका ● 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों के विकास लिए नया अभियान

**हजारीबाग (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मोके पर 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन किया और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने हजारीबाग के विनोबा भावे यूनिवर्सिटी परिसर से जनजातीय कल्याण और विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत कई कल्याणकारी योजनाओं का बटन दबाकर उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-इसका लाभ देश के 5 करोड़ से ज्यादा आदिवासी भाई-बहनों को मिलेगा। झारखंड के आदिवासी समाज को भी इसका बहुत बड़ा फायदा होगा।

**देश के 5 करोड़ से ज्यादा आदिवासी समाज को मिलेगा फायदा**



मुझे खुशी है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से हो रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के दिन यहां झारखंड से ही पीएम-जनमन योजना भी लॉन्च हुई थी। अगले महीने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर हम पीएम-जनमन योजना की पहली वर्षगांठ मनाएंगे। इस योजना के जरिए आज देश के उन आदिवासी इलाकों में भी विकास पहुंच रहा है, जो सबसे पीछे छूट गए थे। आज यहां पीएम-जनमन योजना के तहत भी करीब साढ़े 1,300 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है। आदिवासी विकास के लिए उनका विजन, उनके विचार हमारी पूंजी है। गांधी जी का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का तेज विकास हो। पीएम मोदी ने कहा-अभी मैंने यहां धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस योजना पर करीब 80 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत करीब 550 जिलों में 65,000 आदिवासी बहुल गांवों का विकास करने का अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-आज मुझे एक बार फिर झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है। कुछ ही दिन पहले मैं जमशेदपुर आया था। जमशेदपुर से मैंने झारखंड के लिए सैकड़ों करोड़ की परियोजनाएं शुरू की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 230 सहायक प्राध्यापकों, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि हुई समाप्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017 एवं ग्रंथपाल-क्रीडा अधिकारी परीक्षा 2018 में चयनित 230 सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों की दो वर्ष सफलतापूर्वक परिवीक्षा पूर्ण करने के उपरांत परिवीक्षा अवधि समाप्त की गई है।

इन्हें दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के बाद सेवा में निरंतर माना जाएगा। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के बाद अब सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों को वार्षिक वेतनवृद्धि सहित अन्य लाभ मिल सकेंगे। 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सम्बंधित सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीडा अधिकारियों की सूची पीडीएफ प्रारूप में संलग्न है। उल्लेखनीय है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्रमांक 7781/2021 एवं अन्य में पारित निर्णय दिनांक 16 दिसंबर 2021 के अनुक्रम में महिला आरक्षण से प्रभावित सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि अन्य प्रकरणों के समान कार्यभार ग्रहण दिनांक से समाप्त की जा रही है। नियुक्त सभी सहायक प्राध्यापक की नियुक्तियां माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका एस.एल.पी. क्रमांक 16353/2022 में दिए जाने वाले अंतरिम/अंतिम आदेशों के अधीन रहेगी।

### रोगी कल्याण समिति में समस्त प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हो- प्रभारी मंत्री भूरिया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** महिला बाल विकास विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभागार में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सिविल सर्जन द्वारा जिला अस्पताल एवं उसकी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि रोगियों की शिकायत का त्वरित निराकरण करें और समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत ऑडिट एवं अन्य कार्य पारदर्शी किया जाये, साथ ही हर तीन माह में समिति की बैठक आयोजित हो। उन्होंने कहा कि आभा आईडी कार्ड अधिक से अधिक लोगों के बने इसके लिए जन जागरूकता चलाएं तथा अलग से अस्पताल में काउंटर भी लगाया जाए। रेडियोलॉजिस्ट के लिए रेड क्रॉस तथा रोगी कल्याण समिति मिलकर कोई उचित समाधान निकाले। जिससे सोनोग्राफी कार्य जिला अस्पताल में शुरू हो सके। मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल का समन्वय के साथ कार्य करें। ठेकेदारों से जो राशि वसूल की जानी है, उसको शीघ्र वसूल करें और आगामी कार्यों के लिए ठेकेदारों से राशि जमा करने के पश्चात उनको वर्क ऑर्डर जारी करें। बैठक के दौरान लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### दो दिवसीय मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 17 से 18 अक्टूबर को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश राज्य खनिज विकास निगम, केन्द्रीय खान मंत्रालय के सहयोग से 17 से 18 अक्टूबर 2024 को मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री और राज्य सरकार के मंत्री उपस्थिति रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों के साथ राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस करेंगे और खनिज क्षेत्र में संभावित निवेश एवं सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। दो दिवसीय कॉन्क्लेव भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी।

इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के भू-आर्थिक परिदृश्य में नये अवसरों को प्रदर्शित करना और खनन तथा संबंधित उद्योगों के साथ-साथ तेल और गैस क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करना है। कॉन्क्लेव में विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र होंगे। मुख्य रूप से खनन क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन (आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग) का एकीकरण, खनन और ऊर्जा क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता, अनुसंधान में रणनीतियाँ बनाना और तकनीकी प्रगति, महत्वपूर्ण खनिजों के उत्खनन को लाभकारी बनाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। दो दिवसीय कॉन्क्लेव उभरते स्टार्ट-अप को भी मंच प्रदान करेगा। इससे स्टार्ट-अप खनन, खनिज आधारित उद्योगों में डिजिटलीकरण की क्षमता को प्रदर्शित कर सकेंगे और खनन क्षेत्र में दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने के साथ-साथ प्रमुख उद्योगों से सहयोग, समर्थन ले सकेंगे। साथ ही निवेश के लिए ध्यान आकर्षित कर सकेंगे। कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश दुनिया को स्थायी विकास, प्रौद्योगिकी और नवाचार, आपसी जुड़ाव, निवेश की क्षमता, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और राष्ट्र के विकास में योगदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से परिचित करायेगा।

# आजीवन शिक्षा पाने का महत्वपूर्ण साधन है दूरस्थ शिक्षा पद्धति-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में दूरस्थ शिक्षा, जीविका उपार्जन के साथ आजीवन शिक्षा पाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। समाज के अत्यंत पिछड़े, दूरस्थ क्षेत्रों, दिव्यांगजन, घरेलू, कामकाजी स्त्री-पुरुष और युवाओं तक शिक्षा पहुंचाने का यह सहज और सरल माध्यम है। राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल में हुये समारोह में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सराहनीय पहल की है। जरूरी है कि दूरस्थ शिक्षा से वंचित वर्गों के लिए सामाजिक सेवाएं और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रयासों में और मजबूती आये। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीक्षित विद्यार्थी, अपने माता-पिता और गुरुजनों के योगदान को कभी नहीं भूले। हमेशा उनके त्याग और तपस्या



के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों ने दूरस्थ शिक्षा के जरिये अपने लक्ष्यों की पूर्ति और सपनों को साकार करने का पहला पड़ाव पार कर लिया है।

अब इस ज्ञान और कौशल से जीवन में सफलता पाने के लिए आगे बढ़ें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि अपनी प्रगति के मूल्यांकन एवं सुधार के साथ क्षमताओं को पहचानें। अनुशासन और समय प्रबंधन के साथ निरंतर प्रयास करें। बिना आत्म विश्वास खोये सतत् प्रयास करें, क्योंकि जीत हमेशा प्रयास करने वालों की ही होती है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा रामचरित मानस से सामाजिक विकास एवं भगवत गीता में डिप्लोमा प्रदान करना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा सिकल सेल एनीमिया जागरूकता के लिए ग्रामीण अंचलों में किए जा रहे उन्मुखीकरण प्रयासों की सराहना की। श्री पटेल ने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में उच्च मानकों के पाठ्यक्रमों के साथ विश्वविद्यालय विषय विशेषज्ञों द्वारा गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री तैयार कराये। पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता की निरंतर समीक्षा भी की जानी चाहिए। कौशल उन्नयन और भविष्य की जरूरतों के अनुसार अपने कार्यक्रमों को डिजाइन करें। विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल के सहज आदान-प्रदान का प्लेटफार्म भी उपलब्ध करायें।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने दीक्षांत समारोह में डॉ. होमी जहांगीर भाभा इंस्टीट्यूट के चान्सलर पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोड़कर, इन्टरनेशनल सेंटर फॉर थ्योरेटिकल फिजिक्स के भौतिक विज्ञानी डॉ. आतिश श्रीपाद दाभोलकर, परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी बीएआरसी के डॉ. जे.व्ही. याख्मी, आईआईटी चेन्नई के प्रोफेसर पद्मश्री डॉ. अशोक झुनझुनवाला और इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश शर्मा को डॉक्टर ऑफ साइन्स (डी.एस.सी.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया। इसी प्रकार शिक्षाविद् और पूर्व कुलपति (इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) प्रो. नागेश्वर राव को डॉक्टर ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन (डी.डी.ई.) की मानद उपाधि प्रदान की गई।

## जिस घर में दिव्यांगजन का सम्मान वहां श्री और समृद्धि का वास होता है-सामाजिक न्याय मंत्री कुशवाह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि जिस परिवार में वरिष्ठ जनों का आदर सम्मान होता है

और उनके स्वास्थ्य व सुख-दुख की चिंता की जाती है, उस संस्कारवान परिवार में समृद्धि आती है। इसके विपरीत जहाँ वृद्धजन उपेक्षित रहते हैं वहाँ कभी भी वास्तविक तरक्की नहीं हो सकती। इसलिए हम सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ वृद्धजनों का सम्मान और उनकी सेवा करनी चाहिए। यह सभी का नैतिक दायित्व भी है। श्री कुशवाह मंगलवार को ग्वालियर में अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित हुए शिविर में वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित कर रहे थे। सामाजिक न्याय मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवाभावी कार्यक्रमों की श्रृंखला में ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर यह शिविर आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 155 वृद्धजनों को एलिम्को से तैयार कराए गए व्हीलचेयर, वॉकर, कमर का पट्टा, छड़ी व कान की मशीन इत्यादि सहायक उपकरण वितरित किए गए। सामाजिक न्याय मंत्री श्री कुशवाह ने सहायक उपकरण सौंपने के साथ-साथ वृद्धजनों को शॉल-श्रीफल व पुष्पाहारों से सम्मानित किया। उन्होंने कहा वयोश्री योजना के तहत तहसील स्तर भी चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जायेंगे। सहायक उपकरण लेने आए वृद्धजनों के लिये अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र ग्वालियर में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 112 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की गईं।

## हमीदिया अस्पताल में सफलतापूर्वक की गयी प्रथम आईवीयूएस गाइडेड एंजियोप्लास्टी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** हमीदिया अस्पताल, भोपाल के हृदय रोग विभाग की कैथ लैब में पहली बार आईवीयूएस (इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड) गाइडेड एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की गई। इस उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने टीम को बधाई दी और कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास है कि उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं, शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में भी उपलब्ध हों। यह महत्वपूर्ण प्रक्रिया हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. राजीव गुप्ता एवं प्रो. डॉ. अजय शर्मा की देखरेख में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में मात्र 10,000 रुपये में आईवीयूएस गाइडेड एंजियोप्लास्टी जैसे उच्च स्तरीय




उपचार किया गया है, निजी अस्पतालों में इसका खर्च लगभग 3 लाख रुपये तक आता है।

आईवीयूएस तकनीक से कोरोनरी धमनियों की दीवारों का अंदर से निरीक्षण किया जा सकता है, जिससे प्लाक बिल्डअप की मात्रा और प्रकार की सटीक जानकारी मिलती है। यह तकनीक यह समझने में मदद करती है कि मरीज को दिल का दौरा पड़ने का खतरा है या नहीं। साथ ही, इससे इलाज के दौरान स्टेंट लगाने की सटीक जगह का निर्धारण किया जाता है, जिससे जटिलताओं की संभावना को कम किया जा सकता है। इससे मरीजों के इलाज में अधिक सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# शिक्षा की बेहतरी के लिये कार्यशाला में निकले निष्कर्षों को अपनाया जायेगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भोपाल में हुई स्टार्स (स्ट्रेंथनिंग टीचिंग-लर्निंग एण्ड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) परियोजना की दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मूल्यांकन प्रणाली को सुदृढ़ करने पर गहन चर्चा की गई। इस कार्यशाला में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और 18 प्रदेशों के प्रमुख अधिकारियों सहित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में सहमति व्यक्त की गई कि शिक्षा की बेहतरी के लिये निष्कर्षों को अपनाया जायेगा। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री विपिन कुमार ने प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली विषय पर




आयोजित सत्र में वर्तमान मूल्यांकन प्रणालियों की प्रभावशीलता और इन्हें बेहतर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सत्र में मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालक श्री दिनेश सिंह कुशवाहा ने छात्रों के परिणामों को बेहतर करने के लिए मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत करने पर प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यशाला में अंतर्राष्ट्रीय संस्था एजुकेशन टेस्टिंग सर्विस के निदेशक डॉ. जोन्स बेर्टलिंग ने मूल्यांकन की क्षमता संवर्धन एवं हिमाचल प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने अपने प्रस्तुतिकरण में मूल्यांकन पद्धतियों में नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। सत्र के अंत में चर्चा के दौरान शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा भविष्य की शिक्षा के लिए मूल्यांकन पद्धतियों को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। अंतिम दिन के दूसरे सत्र में विभिन्न राज्यों में संचालित विद्या समीक्षा केन्द्रों के मॉडल्स और निर्णय लेने के लिए मूल्यांकन परिणामों का एकीकरण विषय पर चर्चा की गई। सत्र का संचालन करते हुए छत्तीसगढ़ के शिक्षा सचिव श्री परदेशी सिद्धार्थ कोमल ने वीएसके मॉडल के क्रियान्वयन पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा राज्यों के शिक्षा विभागों के अधिकारियो ने चर्चा में सहभागिता की। सत्र के बाद अनेक राज्यों के अधिकारियों ने राज्य शिक्षा केन्द्र के भोपाल स्थित कार्यालय मे स्थापित विद्या समीक्षा केन्द्र का अवलोकन किया

## लोक संस्कृति और कला हमको जड़ों से जोड़ते हैं-मंत्री टेटवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री ,स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम टेटवाल के द्वारा राजगढ़ के सारंगपुर में लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने एवं भावी पीढ़ी को लोक संस्कृतियों से अवगत कराने के लिए भव्य आयोजन किया गया। लोक संस्कृति कला महोत्सव में मालवा की समृद्ध लोक परंपराओं को जीवंत करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री टेटवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि आज की पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, हमारी परंपराएं और तीज-त्योहार हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं, और भावी पीढ़ी को इनसे अवगत कराना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम में संजावली निर्माण और संजावली गीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के 11 संकुलों की 110 बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिताएं न केवल लोककला को सहेजने का माध्यम बनीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत भी रहीं। संजावली मालवा की एक प्रमुख लोक परंपरा है, जिसमें महिलाएं संजा पर्व के दौरान मिट्टी की सुंदर चित्रकलाएं बनाकर मां पार्वती से सुखी वैवाहिक जीवन और परिवार की समृद्धि की कामना करती हैं। यह त्योहार 16 दिन तक चलता है और इसे विशेष रूप से कुंवारी कन्याएं मनाती हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही बहनों को पुरस्कृत किया गया। हमारी परंपराएं और उत्सव हमें सामाजिक समरसता और संगठन की शक्ति का पाठ पढ़ाते हैं। यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कार्यक्रम के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहन विजय लक्ष्मी दीदी ने सभी प्रतिभागी बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया

# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की शिक्षण पद्धति अन्य संस्थानों के लिए अभिप्रेरणा का केंद्र बने -उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में भोपाल स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की सामान्य परिषद् की बैठक हुई। बैठक में संस्थान की गतिविधियों, कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री श्री परमार ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, वार्षिक गतिविधियों एवं अकादमिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार के लिये आवश्यक क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए। मंत्री श्री परमार ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें।



वर्तमान परिदृश्य एवं उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप रोजगारपरक पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। श्री परमार ने कहा कि संस्थान आदर्श रूप में स्थापित होकर अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए अभिप्रेरणा का केंद्र बने, ऐसी कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन करें। श्री परमार ने कहा कि अन्य शासकीय महाविद्यालयों के सम्बंधित अधिकारियों को इस संस्थान का भ्रमण करवाकर, यहाँ की शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया जाना चाहिए। श्री परमार ने कहा कि संस्थान में उत्तरोत्तर गुणवत्ता वृद्धि हो, इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने कहा कि विद्यार्थियों से निरंतर संवाद सुनिश्चित करें और शिक्षा में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सतत् क्रियान्वयन हो। बैठक में संस्थान से सम्बंधित अनेक बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर विद्यार्थियों के हितार्थ निर्णय लिए गए। संस्थान में निर्मित होने वाले ऑडिटोरियम में उपकरणों एवं फर्नीचर के लिए अतिरिक्त राशि 1 करोड़ रुपए राशि का आबंटन, आगामी सत्र से बीसीए पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किया जाना, भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बंधित शोध पत्रिका शोध सेतु का प्रकाशन, नवीन विषयों तथा कक्षाओं के लिये नवीन भवन के निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए राशि की स्वीकृति, नवीन उपकरणों, फर्नीचर तथा कंप्यूटर के लिए बजट की स्वीकृति जैसे अनेक निर्णय लिए गए।

# जल संरक्षण और सामुदायिक जागरूकता की मिसाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन अन्तर्गत सुजल-शक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी थीम जल हमाराङ्कजीवन धारा रखा गया है। यह अभियान 28 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा।

इसमें चिन्हित ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति को सतत् और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान का प्रमुख उद्देश्य, हर घर को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के साथ जल संसाधनों के प्रबंधन में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। इस अभियान में ग्रामीण जल प्रणालियों को बेहतर बनाना, जल गुणवत्ता की नियमित जांच करना और समुदायों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जल-जीवन मिशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से अभियान संचालित किया जा रहा है। इसकी विशेष बात यह है कि इसमें सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय जल प्रबंधन को मजबूत किया जा सके और जल संकट से निपटने के लिए स्थायी समाधान खोजे जा सकें।

अभियान के चौथे दिन, 1 अक्टूबर 2024 को %दस्तक-धारा दिवस% के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत समुदाय में जल संरक्षण, सतत जल आपूर्ति और सामुदायिक जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता के लिये गतिविधियां की जा रही हैं। दिन की शुरुआत जल कर, उसकी गणना, वास्तविक प्राप्ति, और 24×7 जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के वस्तुस्थिति की समीक्षा से हुई। चिन्हित ग्रामों में 'हर घर जल गांव प्रमाणीकरण' प्रक्रिया की जानकारी जुटाई गई। साथ ही, हम, जल साथी अभियान के तहत उन परिवारों की पहचान की गई जिन्होंने जल प्रबंधन चैंपियन के मानदंड पूरे किए हैं।

इन परिवारों को हरे स्टिकर देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य परिवार भी जल संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिये प्रेरित हों। दस्तक-धारा दिवस के लिये गठित टीम ने घर-घर जाकर परिवारों से संपर्क किया और उन्हें जल जीवन मिशन के लाभ और महत्व के बारे में बताया। परिवारों को नियमित जल प्राप्ति के लिए जल-कर के महत्व को समझाया गया और साथ ही, जल स्त्रोतों की सुरक्षा और टिकाऊ जल प्रबंधन के महत्व को भी साझा किया।

## स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता मित्रों को किया गया सम्मानित

# स्वच्छता अभियान को बनाए जन आंदोलन : विधायक

### नशा है नाश की जड़ : विधायक






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन को स्वच्छता दिवस के रूप में पूरे जिले में मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का अयोजन विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह की अध्यक्षता में अटल ऑडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों तथा स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान के लिए विद्यालयों, संस्थाओं तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना अंतर्गत 685 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उपस्थित जनों ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को देखा और सुना।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक पाठक ने स्वच्छता शपथ तथा नशा मुक्त समाज की शपथ उपस्थित जनों तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को दिखाई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 वर्ष पूर्व जो स्वच्छता की अलख जगाई थी उसके सकारात्मक परिणाम हमें अपने चारों ओर दिख रहें है। अब इस स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर जन आंदोलन बनाना हमारी जिम्मेदारी है। जैसे हम अपने घरों को स्वच्छ रखते हैं उसी प्रकार अपने परिवेश को भी स्वच्छ रखें। देश स्वच्छ होगा तभी स्वस्थ होगा और आगे बढ़ेगा । इसी मंशा के साथ प्रधानमंत्री जी ने देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने स्वच्छ भारत अभियान को प्राथमिकता दी। इसी प्रकार सभी नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को समझाइस देते हुए विधायक ने कहा कि आप देश का भविष्य है। आप अपनी विरासत अपनी धरोहर को संभालें। स्वच्छता की छोटी-छोटी आदतें भी बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों से भी अपील की कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान देना भी आवश्यक है। उन्हें देश का एक सजग नागरिक बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

विधायक पाठक ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए हमारे समाज का हमारे वातावरण का नशे के चंगुल से मुक्त होना आवश्यक है। नशा ही नाश की जड़ है। यदि हम नशे के चंगुल में फंस गए तो इससे निकलने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि अपने जीवन को सुरक्षित रखने का अधिकार हमारा है इसलिए नशे से दूर रहें तथा अपने मन, विचार तथा वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखें। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में जिले के सभी नागरिकों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम इस अभियान को अनवरत रूप से जारी रखेंगे तथा स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करेंगे।

**स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा अतिथियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया, जिसमें सफाई मित्र राजेन्द्र भारती, रामचरण भारती एवं शिव हरिजन को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति समुंद्रे, द्वितीय स्थान श्रेया समुंद्रे एवं तृतीय स्थान सोनाली भारती को दिया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जन सहभागिता हेतु मानिंद शेर अली खान एवं जयवीर सिंह को सम्मानित किया गया। मानव श्रृंखला एक पेड़ मॉ के नाम के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीधी को, मानव श्रृंखला स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ के लिए सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया को, मानव श्रृंखला स्वच्छता निबंध स्वच्छता चित्रकला के लिए अरविंदो हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी को एवं स्वच्छता नृत्य कला के लिए मॉरिसन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत अशोक तिवारी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा एवं शुभादेवी कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, पुनीत नारायण शुक्ला, विश्वबंधुधर द्विवेदी, सुधीर शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय परिसर में हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर सीधी में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत बुधवार 02 अक्टूबर 2024 को जिला न्यायालय परिसर की सफाई न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण द्वारा गई।

उक्त अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश विकास चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुउर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, शोभना मीणा, रेनू श्रीवास्तव, सोनम शर्मा, अभिषेक साहू, अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह, पैरालीगल वॉलेंटियर विनय तिवारी तथा जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिले के पर्यटक ग्राम खोखरा एवं ठाड़ीपाथर को मिला 3 लिफ्स प्रमाणपत्र



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** महात्मा गांधी जी की 155 वी जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग द्वारा चयनित सीधी जिले के दो पर्यटक ग्राम खोखरा एवं ठाड़ीपाथर जो जनपद पंचायत कुसमी में स्थित है, के संचालकों को आज स्वच्छता की बेहतर स्थिति हेतु 3 लिफ्स का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में आये होम स्टे संचालक जगदीश सिंह द्वारा बताया गया कि यह कार्य मध्यप्रदेश सरकार एवं संस्था ग्राम सुधार समिति सीधी के सहयोग से किया गया है जिसमें कुल 9 होम स्टे पूरे हो चुके हैं। 2 और होमस्टे का कार्य किया जा रहा है, जिसमें देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों एवं अन्य अतिथियों का स्वागत परम्परगत तरीके से हल्दी चावल एवं फूलों का गुलदस्ता देकर किया जाता है। साथ ही रुकने एवं खाने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। ग्राम खोखरा एवं ठाड़ीपाथर में संचालित होमस्टे में जहां विगत 2 वर्षों में सैकड़ों की संख्या में पर्यटक एवं आगंतुक आकर रह चुके हैं। आने वाले पर्यटकों के मनोरंजन एवं घूमने के लिए प्राकृतिक सौंदर्य एवं क्षेत्रीय लोककला, लोक संस्कृति को दिखाने की संपूर्ण व्यवस्थाएं की जाती है, जिसमें देसी तरीके से बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजन आदिवासी लोक कला की गतिविधि एवं लोक नृत्य के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करने के साथ विभिन्न स्वदेशी कलाकारों, स्वदेशी नास्ते एवं खाने की विशेष व्यवस्थाएं की जाती है। साथ ही हम परिसर की साफसफाई का ध्यान शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जा रहा है जिसमें शासन का समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है।

स्वच्छता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज सहित अतिथियों की उपस्थिति में ऐसे 6 होम स्टे संचालकों जिसमे दईयाबाई होम स्टे संचालक गिरधान सिंह, कौशल्या होमस्टे के जगदीश सिंह, गुड़िया होमस्टे के रामकुमार सिंह, पार्वती होम स्टे के राजभान सिंह सभी निवासी ग्राम खोखरा, पार्वती एवं संध्या होमस्टे के बलराज सिंह ग्राम ठाड़ीपाथर जनपद पंचायत कुसमी को स्वच्छता की बेहतर स्थिति हेतु 3 लिफ्स का प्रमाण पत्र दिया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

### पुलिसकर्मियों ने पुलिस चौकी और थाना परिसर में लगाई झाड़ू



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में आज 2 अक्टूबर के दिन स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मी एसपी कार्यालय से लेकर अपने-अपने थाना और थाना परिसर में सुबह से सफाई अभियान में जुटे रहे।

जिला एसपी निवेदिता गुप्ता ने बताया कि पुलिस की सभी इकाइयों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसके तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय और विंध्यनगर थाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने श्रमदान किया।

इसके अलावा सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी ने भी अपने-अपने थाना और चौकी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को अपनी आवासीय परिसर में भी साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए थे। स्वच्छता अभियान के बाद सभी पुलिसकर्मियों को यह भी निर्देश दिया है कि सिर्फ आज ही नहीं बल्कि हर दिन ऐसा ही स्वच्छता अभियान जारी रखें।

## धनपुरी थाने के पास में ब्लॉस्ट, पेंटिग कर रहा मजदूर टैंकर के अंदर भड़की आग में झुलसा



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र में एक ब्लास्ट की घटना सामने आई है। थाने के बगल में स्थित एक वेल्डिंग की दुकान में वाटर टैंक पेंटिंग कर रहे एक मजदूर ने जैसे ही लाइट गुल होने पर मोमबत्ती जलाई, एक जोरदार विस्फोट हुआ और पेंटिंग कर रहा मजदूर उसमें झुलस गया। उसे गंभीर अवस्था में धनपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

धनपुरी थाना क्षेत्र के धनपुरी थाने के पास स्थित निलेश विश्वकर्मा की वेल्डिंग दुकान में वाटर टैंक की पेंटिंग के लिए लालपुर निवासी 53 वर्षीय श्रमिक प्रेम लाल पनिका को बुलाया गया था। प्रेम लाल वाटर टैंक की पेंटिंग कर रहे थे। तभी अचानक बिजली गुल हो जाने से अंधेरा हो गया। जैसे ही उन्होंने मोमबत्ती (कैंडल) जलाई, वैसे ही एक जोरदार धमाका हुआ और श्रमिक प्रेम लाल उसमें झुलस गए। पेंटिंग के लिए पेंट में थिनर मिलाया गया था और मोमबत्ती उसके संपर्क में आने से आग भड़क गई। जिससे श्रमिक प्रेम लाल उसकी चपेट में आ गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है।

यह घटना धनपुरी थाने के ठीक बगल की बताई जा रही है। इसके बावजूद धनपुरी पुलिस इस घटना से अनजान है। इस घटना की सूचना न तो ठेकेदार ने पुलिस को दी और न ही अस्पताल प्रबंधन ने। धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है और न ही कोई सूचना मिली है। वो तुरंत अस्पताल से जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करेंगे।

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

### 11 बाइक सहित तीन लोग गिरफ्तार, सीसीटीवी की मदद पकड़े गए चोर




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** पुलिस ने बुधवार की शाम शहर की पुलिस लाइन में कॉन्फ्रेंस कर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। जिसमें छतरपुर और अन्य जिलों से चुराई गई 11 बाइक सहित तीन चोरों को हिरासत में लिया है। अन्य बाइक और चोरों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत सितंबर में जिला अस्पताल और अन्य स्थलों से बाइक चोरी की घटनाओं संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए थे। सभी घटना स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। विभिन्न चौराहा, होटल, ढाबा, दुकानों सार्वजनिक स्थलों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए। एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की गई। पूछताछ पर तीन संदेहियों ने मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकारी है।

अभिरक्षा में लिए गए तीन आरोपियों में दीपेश जैन पिता पवन कुमार जैन निवासी बड़ामलहरा हाल इंदौर, दिनेश कुशवाहा पिता गौरी शंकर कुशवाहा निवासी सेंधपा थाना बड़ामलहरा, दौलत उर्फ गोलू विश्वकर्मा पिता परशुराम विश्वकर्मा निवासी सेंधपा थाना बड़ामलहरा शामिल है। इनको पास से छतरपुर और अन्य जिले से चोरी की गई बाइक बरामद की गई। आरोपियों के पास से जिला छतरपुर में रजिस्टर्ड 4 बाइक, दिल्ली में रजिस्टर्ड 1 बाइक, इंदौर में रजिस्टर्ड 4 बाइक, देवास में रजिस्टर्ड 1 बाईक एवं टीकमगढ़ में रजिस्टर्ड 1 बाईक बरामद की गई है। अन्य जिलों की मोटर साइकिल के संबंध में संबंधित पुलिस थाने से संपर्क किया जा रहा है।

एसपी अगम जैन ने बताया कि आरोपियों से बारीकी से पूछताछ करने पर पता चला कि चोरी में वर्षीय भजन कुशवाह, मोंटी सोनी, जगन अहिरवार, राकेश कुशवाह सहित अन्य लोग भी शामिल थे। उनके पास 3 अन्य बाइक के बारे में भी जानकारी है।

## जनजातीय कार्य विभाग ने मनाई गांधी जयंती

### अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर और समरसता भोज का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर जनजातीय कार्य विभाग की ओर से शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर प्रांगण में अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने भी सहभागिता की।

राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि गांधी जयंती के मौके पर सद्भावना शिविर और सामाजिक समरसता भोज का आयोजन किया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों की सामूहिक उपस्थिति सामाजिक सद्भाव को प्रदर्शित करती है। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से जागृति का मार्ग खोलकर समाज के पिछड़े और वंचित वर्ग को भी मुख्य धारा में शामिल कर छुआछूत की सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिकी राठौर ने भी अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर और सामाजिक समरसता भोज कार्यक्रम की सराहना करते हुए सामाजिक सद्भाव को कायम रखने के प्रयासों की सराहना की।

## एक कदम स्वच्छता की ओर-नगर परिषद मझौली में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नगर परिषद मझौली में महात्मा गांधी जयंती व स्वच्छता दिवस के अवसर पर ष्स्वच्छता ही सेवाष् अभियान के अंतर्गत स्वच्छता संवाद, सफाई मित्रों का सम्मान, वेस्ट टू वंडर पार्क का उद्घाटन, माता जी के मंदिर पर विशेष स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, मझौली के छात्र-छात्राओं की भागीदारी का सम्मान, नगर परिषद मझौली के समस्त विभाग के लिए हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ 07803299308 का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष उदयभान यादव, पार्षद गण लौकेश सिंह, हितेश गुप्ता, हिमांशु तिवारी, अवधेश कोल, रंजना गुप्ता, राजेश सिंह, भूरे कोल, जगतभान यादव, प्रेमचंद गुप्ता, अजय तोमर, सीएमओ अमित कुमार सिंह, तहसीलदार वाल्मीकि साकेत, नायब तहसीलदार आशीष मिश्रा, गणमान्य नागरिक अखिलेश पांडे, प्रवीण तिवारी, सरोज पटेल खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं स्वच्छता प्रभारी राकेश जयसवाल, उपयंत्री मुन्नालाल चौहान, विपीन सिंह , सीमा गौतम, प्रसून सिंह गहरवार, शुभम जायसवाल, राजाराम साकेत, नरेंद्र मरावी, तोषण प्रसाद मिश्रा, राजेंद्र सिंह परिहार, प्रभाकर तिवारी, देवेंद्र गुप्ता, विजय सिंह बघेल, नागेंद्र मणि मिश्रा, प्रहलाद कुमार वर्मा, समय लाल केवट, महेंद्र दहिया, एवं नगर परिषद के समस्त विभागों के पदाधिकारी गण, पत्रकार बंधु ,आईईसी टीम बिरेंद्र प्रताप सभी जनप्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता पखवाड़े का कार्यक्रम का समापन किया गया। एक कदम स्वच्छता की ओर हम हर रोज बढ़ते जाएंगे। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता हम ला करके दिखाएंगे। सफाई मित्र का सम्मान करें स्वच्छता में श्रमदान करें।

## सुरेश बने राष्ट्रीय सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** ग्राम पंचायत माडौ, ब्लॉक सिरमौर के सरपंच एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश प्रताप सिंह माडौ को राष्ट्रीय सरपंच संघ जिला रीवा काअध्यक्ष बनाया गया है। सुरेश प्रताप सिंह को राष्ट्रीय सरपंच संघ जिला रीवा के अध्यक्ष बनने पर मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष रणवीर सिंह तोमर एवं प्रदेश सरपंच संघ के संरक्षक चक्रधर सिंह जवा के प्रति आभार जताया है। साथ ही कहा कि पूरे निष्ठा और ईमानदारी से सरपंच साथियों के हित और अधिकार के लिए हमेशा लड़ाई लड़ेंगे। सुरेश सिंह ने जिला अध्यक्ष बनने पर सरपंच संघ जवा के अध्यक्ष अमित सिंह, सिरमौर सरपंच संघ अध्यक्ष प्रशांत गर्ग सहित जिला के सभी सरपंचों ने बधाई दी है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

## गांधी जयंती पर राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष ने लोगों को दिलाई साफ-सफाई रखने की शपथ






**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर में जिला मुख्यालय के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़े का जिला स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए लोगों को स्वच्छता अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जानकारी दी कि जिले के 562 ग्रामों में विशेष श्रमदान दिवस और स्वच्छता रैली सहित अन्य गतिविधियां की गईं।

**16 हजार लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए:** जिसमें 14050 लोगों ने श्रमदान किया। साथ ही विभिन्न ग्रामों में रैलियों का आयोजन किया गया। 16 हजार लोगों ने हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सहभागिता निभाई। स्वच्छता पखवाड़े के तहत हस्ताक्षर अभियान, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, एक पेड़ मां के नाम, सफाई मित्रों का सम्मान और स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया।

नर्मदा तट से सटे 36 ग्रामों में स्वच्छता की विशेष गतिविधि के तहत कार्यक्रम कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक, क्लीन अप ड्राईव के तहत प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण, कचरा पृथकीकरण डेमो सत्र आयोजित किए गए।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित:** उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पालिका के सफाई कर्मचारी जयकारा डोमार, नेमा डोमार, अशोक शने, सरस्वती मोगरे और सविता मोगरे को प्रशस्ति पत्र देकर शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने की दिशा में बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में 10 छात्रों को निःशुल्क साइकिल दीं गईं:** कार्यक्रम में जिला शिक्षा केंद्र विभाग ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमदरी की छात्रा हीरावती देवी, पूजा देवी, पुष्पलता देवी, शेखी बाई और सपना देवी के साथ शासकीय माध्यमिक विद्यालय धीरूटोला के छात्र देवेंद्र कुमार, हंसराज यादव, हेतराम सिंह, प्रदीप सिंह और विजय कुमार को निःशुल्क साइकिल दी गईं।



# विचार

## सीबीआई और एफबीआई सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र'

ओमप्रकाश मेहता

आज देश की प्रमुख जांच एजेंसियाँ केंद्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) और वित्तीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सहित रक्षा इकाईयों पर यह एक सामान्य आरोप लगाा जा रहा है, ये सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र' है, जबकि इन पर पूरा नियंत्रण सरकार का है, इसीलिए यह सामान्य आरोप लगाया जाता है कि सरकारी वित्तीय घपलों की जांच निष्पक्षता के दायरें से बाहर ही रहती है, अब आज का मुख्य सवाल यह है कि इन प्रतिष्ठानों के नाम को स्वतंत्र' के साथ जोड़ा गया है, तो इन्हें स्वतंत्रता' व न्यायपूर्ण काम क्यों नही करने दिया जाता। पिछले दिनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब काण्ड में जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो सरकारी जांच एजेंसियों को लेकर सख्त टिप्पणियां की, उन पर सरकार ने चाहे गौर न किया हो, किंतु देश के हर जागरूक और बुद्धिजीवी नागरिक ने काफी गंभीरता से लेकर उस पर मनन भी किया है और सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों को आज की सच्चाई से जोड़ा है। आज की एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज देश को प्रजातंत्र के तीन अंगों में से सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही भरोसा शेष रहा है, विधायिका व कार्यपालिका के साथ ही चौथे कथित अंग खबर पालिका पर भी भरोसा शेष नही रहा। अब चूंकि पूरे देश को न्याय पालिका पर ही भरोसा रहा है और न्याय पालिका भी इस भरोसे को कायम रखने में जुटी है, तो फिर इन तथाकथित जांच एजेंसियों को सरकारी नियंत्रण से बाहर क्यों नही लाया जा रहा? यहाँ यह भी कटु सत्य है कि सरकार के अधिकांश दुष्कर्म' के मामलों की जांच का उत्तरदायित्व भी इन्हीं जांच एजेंसियों को सौंपा जाता है, जिन पर केन्द्र या राज्य में विराजित उन राजनेताओं का नियंत्रण रहता है जो स्वयं इन दुष्कर्मों' के सहभागी होते है, अब ऐसी स्थिति में तथाकथित इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों से सही न्यायपूर्ण व संवैधानिक जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यही मुख्य कारण है कि प्रजातंत्र के किसी भी अंग को सही व उचित न्याय नही मिल पाता और देश के आम नागरिक की खून-पसीनें की कमाई का अधिकांश पैसा इन कथित भ्रष्ट सत्ताधीशों की जेबों में चला जाता है, यही मुख्य कारण है कि आज के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ज़और देश को सकी गाढ़ी कमाई राशि के घपले पर न्याय भी नही मिल पाता क्योंकि जांच एजेंसियाँ इन्हीं भ्रष्टाचारियों के कब्जे में रहती है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार का महारोग' दिन दूनी-रात चौगुनी गति से महामारी का रूप ग्रहण करता जा रहा है। इसलिए आज की सबसे अहम् और पहली जरूरत इन सरकारी जांच एजेंसियों को सरकार के नियंत्रण से बाहर करने की है और इसके लिए तथाकथित रूप से ईमानदार प्रधानमंत्री जी को ही संसद में संविधान संशोधन प्रस्तुत कर इन स्वतंत्र' एजेंसियों पर से अपना नियंत्रण हटाना पड़ेगा।

# भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

योगेंद्र योगी

**वादे हैं वादों या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। साा पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि साातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है।**



इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारों पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर-कार्मिक फंसें हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। राज्यों/केंद्रशासित राज्यों में कुल 41 भ्रष्टाचार के मामलों 149 अधिकारी आरोपित हैं। इनमें महाराष्ट्र में 3 मामलों में 41 अधिकारी, उत्तर प्रदेश में 10 मामलों में 31, प.बंगाल में 4 मामलों 25, केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में 4 में 19, पंजाब में 4 में 6, मध्यप्रदेश में 1 भ्रष्टाचार के प्रकरण में एक अधिकारी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक नियमों के अनुसार सीबीआइ से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अधिकतम तीन माह में अभियोजन स्वीकृति देने का प्रयास किया जाना चाहिए लेकिन लंबित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले तीन माह की अवधि से अधिक पुराने हैं। सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है। सीवीसी ने कहा है कि कुछ संगठन आयोग की सलाह पर अमल करने और आरोपी अधिकारी को चार्जशीट जारी करने में देरी करते हैं। इससे कई मामलों में दोषी अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है और समय सीमा चूकने के कारण कोई भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में विषबेल की तरह बढ़ते भ्रष्टाचार पर भारत विश्व में कलंकित हो रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 वीं थी। अर्थात भारत में भ्रष्टाचार की रफ्तार थमी नहीं है। इसमें तेजी आई है। इस सूचकांक में भारत आठ पायदान आगे बढ़ गया। वर्ष 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि दोनों देशों में मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन (76) ने पिछले दशक में भ्रष्टाचार के लिए 37 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से सुर्खियां बटोरीं। भ्रष्टाचार से देश एक भी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अछूता नहीं है। केंद्र हो या राज्यों में चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकारें हों, किन्तु एक भी सत्तारुढ़ दल यह दावा नहीं कर सकता की कोई भी एक विभाग पूर्णत~ भ्रष्टाचार से मुक्त हो सका है। देश की तरक्की मे बाधक बना यह मुद्दा सिर्फ शोर-शराबे तक ज्यादा सीमित है। जमीनी स्तर पर कोई भी राजनीतिक दल इसके जड़ सहित खात्मे की दिशा को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार के मामलों सिर्फ नौकरशाह ही शामिल हैं। राजनेता भी इसमें पीछे नहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दोनों के गठजोड़ के कारण ही भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्र और राज्यों की सरकारें विकास और पारदर्शिता के चाहे जितने दावे कर लें, जब तक भ्रष्टाचार मौजूद है तब तक देश इस मुद्दे पर शर्मसार होता रहेगा।

## वन नेशन, वन इलेक्शन को औपचारिक मंजूरी

भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख कायम रखने की है। ऐसी कई समस्याएं बढ़ती गई हैं, जिनकी वजह से भारतीय चुनावों पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रिय योजना वन नेशन, वन इलेक्शन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका अर्थ यह है कि अब सरकार इस योजना को लागू करने की दिशा में काम करेगी। यह कैसे होगा, इसका मोटा खाका रामनाथ कोविंद कमेटी ने बनाया था। उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव वाले वर्ष में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएंगे। कोविंद कमेटी ने जब अपनी रिपोर्ट पेश की थी, तब भी इससे ज्यादा स्पष्टता नहीं बनी थी, ना कैबिनेट के हरी झंडी देने के बाद अब इसका पूरा ब्लू प्रिंट उभरा है। इसलिए कहा जाएगा कि अभी तक यह योजना महज एक इरादा ही है। सत्ता पक्ष चाहता, तो महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करवा कर इस योजना को अधिक विश्वसनीय बना सकती था। लेकिन बाकी बातें तो दूर, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव भी नहीं कर जा सके। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख बहाल करने की है।

पहला मुद्दा निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का था, जिसमें होनी वाली नियुक्ति प्रक्रिया को पिछले वर्ष सरकार ने मनमाने ढंग से बदल दिया। आम चुनाव के दौरान आयोग का रुख लगातार सवालों के घेरे में रहा। आयोग ने मतदान प्रतिशत बताने में जैसी देर की और बाद में गिरे वोटों की संख्या में जितनी वृद्धि बताई गई, उससे साख का संकट खड़ा हुआ है। चुनाव परिणाम को लेकर जैसे प्रश्न इस बारे उठे, वैसा भारत के चुनावी इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इसके अलावा धन का कसता जा रहा शिकंजा चुनावों के प्रातिनिधिक दायरे को लगातार सिकोड़ रहा है। अब इसी पृष्ठभूमि में वन नेशन, वन इलेक्शन योजना सरकार ले आई है। स्वाभाविक है कि सहज गले लगाने के बजाय जनमत का एक बड़ा हिस्सा इसे विरोध भाव के साथ देखेगा।

जन विश्वसनीयता और सहमति किसी लोकतंत्र के संचालन की पूर्व शर्त होती हैं। मगर वर्तमान सरकार ऐसे तकाजों की परवाह नहीं करती। फिर उसने वही नजरिया दिखाया है।

# विश्व के वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत के आर्थिक विकास के अनुमानों को बढ़ा रहे हैं

प्रह्लाद सबनानी

आज जब विश्व में कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही है, वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। कई विदेशी एवं निवेश संस्थान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के सम्बंध में पूर्व में दिए गए अपने अनुमानों में संशोधन कर रहे हैं कि आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति और अधिक तेज होगी। विशेष रूप से कोरोना महामारी के पश्चात भारत ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। स्टैंडर्ड एवं पूअर (एसएंडपी) नामक विश्व विख्यात क्रेडिट रेटिंग संस्थान ने हाल ही में अपने एक प्रतिवेदन में बताया है कि भारत, केलेंडर वर्ष 2024 में एवं इसके बाद के वर्षों में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान वर्तमान के 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगा। साथ ही, भारत में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर उच्च मध्यम आय समूह की श्रेणी की हो जाएगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी वर्तमान के 3.92 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। हालांकि एसएंडपी ने भारत में आर्थिक विकास दर के 6.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ने का अनुमान लगाया है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.3 प्रतिशत के अनुमान के विरुद्द 8.2 प्रतिशत की रही है। भारत में अब सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र भी पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर ध्यान देता हुआ दिखाई दे रहा है, इससे आगे आने वाले समय में केंद्र सरकार पर पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने सम्बंधी दबाव कम होगा और केंद्र सरकार का बजटीय घाटा और अधिक तेजी से कम होगा, जिससे अंततः विदेशी निवेशक भारत में अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित होंगे। इसी प्रकार, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 में भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी अपने अनुमानों के बढ़ाया है। विश्व बैंक का तो यह भी कहना है कि भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में विश्व के वार्धिक आर्थिक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दिया है और इस प्रकार भारत अब विश्व में आर्थिक विकास के इंजिन के रूप में कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वर्ष 2023 में 7.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी, जो विश्व की अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं द्वारा इसी अवधि में हासिल की गई विकास दर से दुगुनी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की




आर्थिक विकास दर के वर्ष 2024 के अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत की विकास दर को बढ़ा कर 7 प्रतिशत कर दिया है।

ओईसीडी देशों के समूह ने भी वर्ष 2024 एवं 2025 में वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति के अनुमान जारी किए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर वर्ष 2024 एवं 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जा सकेगी। वहीं भारत की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 के 6.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 6.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। चीन की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 में 4.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 4.5 रहने की सम्भावना है। इसी प्रकार रूस एवं अमेरिका की आर्थिक विकास दर भी वर्ष 2024 में क्रमशः 3.7 प्रतिशत एवं 2.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में क्रमशः 1.1 प्रतिशत एवं 1.6 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। कुल मिलाकर आज विश्व के लगभग समस्त वित्तीय एवं निवेश संस्थान आगे आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक विकास दर के बढ़ने के अनुमान लगा रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास दर के सम्बंध में लगाए जा रहे अनुमानों के अनुसार यदि भारत आगे आने वाले वर्षों में प्रतिवर्ष 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करता है तो भारत वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके ठीक विपरीत भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर हासिल करेगा, इस प्रकार तो भारत वर्ष 2031 के पूर्व ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दूसरे, विश्व में भारत से आगे जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाएं हैं, आज इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कई प्रकार की समस्याएं दिखाई दे रही हैं जिनके चलते इन देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले कुछ वर्षों में शून्य रहने की सम्भावना दिखाई दे रही है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है कि भारत मार्च 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा एवं मार्च 2026 अथवा मार्च 2027 तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए वर्ष 2031 तक इंतजार ही नहीं करना पड़ेगा।

विश्व बैंक द्वारा जारी वैश्विक आर्थिक सम्भावना रिपोर्ट 2024 ने भी वित्तीय वर्ष 2025 में भारत को विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के संकेत दिए हैं। पिछले तीन वर्षों में पहली बार वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में स्थिर होने के संकेत दे रही है। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के वर्ष 2024-25 में 2.6 प्रतिशत एवं वर्ष 2025-26 में 2.7 प्रतिशत रहने की सम्भावना विश्व बैंक द्वारा की गई है।

# जिले के दूरस्थ बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत देवगढ़ में लाइव मेगा इवेंट का हुआ आयोजन

## प्रधानमंत्री ने "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' का किया शुभारंभ

### राज्य के करीब सात हजार आदिवासी बहुल गांव होंगे लाभान्वित





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड के हजारीबाग से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज पूज्य बापू महात्मा गांधी जी की जन्मदिवस है, ऐसे अवसर पर जनजातियों के विकास के लिए यह योजना का शुभारंभ महत्वपूर्ण है। 80 हजार करोड़ रुपए से यह योजना संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सही प्रयास से ही सही परिणाम मिलता है। उन्होंने 40 एकलव्य विद्यालय का लोकार्पण किया तो 25 एकलव्य विद्यालय का भूमिपूजन किया।


**क्या है जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान:** "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" में 25 कार्यक्रम शामिल हैं। यह योजना केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जाएगी। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के क्षेत्र से जनजातीय परिवारों को जोड़कर उनके समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

**राज्य के 6 हजार 691 गांव होंगे लाभान्वित:** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के 32 जिलों के 138 विकासखण्डो के 6 हजार 691 आदिवासी बहुल गांव का चयन किया गया है। चयनित गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, उन्नति के कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान मेगा इवेंट जिले के भरतपुर विकास खण्ड के ग्राम देवगढ़ में आयोजन किया गया था। आयोजन के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्र, जिला पंचायत सदस्य रवि शंकर सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, दृगपाल सिंह, जनपद सदस्य रूपा जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष पवन शुक्ला, हीरा लाल मौर्य, राजाराम दास, मंडल महामंत्री नरेश यादव, मणी पाण्डेय, आदित्य गुप्ता, कमलेश गुप्ता, जिला प्रशासन के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय, एसडीएम प्रवीण भगत, तहसीलदार सतरूपा साहू, तहसीलदार कोटाडोल निरज कांत तिवारी, जनपद सीईओ रतन दास मानिकपुरी, बीईओ मो. इस्माइल खान, बीआरसी देवेंद्र गुप्ता, बीएमओ राजीव कुमार रमन जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारी कर्मचारी, जनपद के अधिकारी कर्मचारी सहित सैकड़ो ग्रामीण ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लाइव प्रसारण ग्राम पंचायत देवगढ़ के मल्टीयुटीलिटी सेंटर से देखा। जिसका सीधा प्रसारण झारखण्ड राज्य के हजारीबाग के विनोबा भावे विश्व विद्यालय परिसर में जन जातीय उन्नत ग्राम योजना का शुभारंभ किया।

## गांधी जयंती पर खुलेआम राष्ट्रीय राजमार्ग नांदगांव में ढाबे में शराब बिक्री





**मीडिया ऑडीटर, नांदघाट बेमेतरा निप्र।** दो अक्तूबर गांधी जयंती के दिन एक तरफ पूरे भारत में शराब बिक्री पर रोक लगाई जाती है वहीं छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग नांदघाट में संजय बिहारी ढाबा में खुलेआम दो अक्टूबर के दिन शराब पिलाई जा रही है वहीं दूसरी ओर ग्राहकों को बेची भी जा रही है इसी दौरान हमारे संवाददाता का रायपुर दौरा हुआ जहां भोजन के लिए हमारे संवाददाता साथियों सहित पहुंचे तो वहां दुकान के पीछे खुले आम लोगों को शराब परोसी जा रही थी उसी वक्त नांदघाट के दो पुलिसकर्मी वहां पहुंचे लेकिन शराब पीने एवं पिलाने वालों के ऊपर किसी भी प्रकार का भय ना देखे जाने पर हमारे संवाददाता को शक हुआ तब बाहर निकलने पर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों के द्वारा ढाबा संचालक से एक बीयर की बॉटल एवं जेब में कुछ रखते देखा गया तब हमारे संवाददाता ने पुलिसकर्मियों से पूछा की आज आप लोग ही अवैध शराब ले रहे हैं तो बाकी क्षेत्र में क्या हाल होगा उनके द्वारा बत्तमिजी करने पर अपना परिचय एवं कार्ड दिखाने पर एएसआई रघुवीर दुबे एवं प्रधान आरक्षक शुक्ला अपनी मोटर साइकिल ले कर भागते नजर आए।

एक तरफ छत्तीसगढ़ में गांधी जयंती के दिन सभी जिलों को शुष्क दिवस घोषित किया गया है वहीं छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा ही नियम विरुद्ध शराब ली जा रही है।

## दामाद पर ससुराल वालों को जहर देने का आरोप

## खाना खाने के बाद करने लगे उल्टी, 9 बीमार, 3 की हालत गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में खाना खाने के बाद परिवार के 9 लोगों को उल्टी होने लगी। पसान क्षेत्र के पत्थरफोड़ गांव में आदिवासी परिवार में लगभग 11 सदस्य हैं। मंगलवार की रात 8 बजे सभी ने एक साथ भोजन किया, जिसके आधे घंटे बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। सभी को आनन-फानन में नजदीकी पेंड्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक 3 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि पारिवारिक विवाद के कारण नाराज दामाद पहलवान ध्रुव ने खाने में जहर मिलाया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



**खाना खाने के बाद करने लगे उल्टी:** पीड़ित शख्स की भांजी सुमित्रा बाई ने बताया कि सभी ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिसके बारी-बारी से उल्टी करने लगे और सभी की हालत गंभीर होती जा रही थी। इसकी सूचना 108 को दी गई। पसान से पेंड्रा अस्पताल नजदीक पड़ता है, इसलिए सभी को पेंड्रा लेकर गए।

## भतीजे ने ईंट से फोड़ा चाचा का सिर

## एफआईआर कराने पर घर में लगाई आग, लड़ रहे बाप-बेटे को गया था समझाने

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ निप्र।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में भतीजे ने अपने चाचा का ईंट से सिर फोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि बाप-बेटा लड़ाई हो रहे थे, जिसके बाद चाचा बीच बचाव करने आया था। हमले के बाद भतीजे ने चाचा के घर में आग भी लगा दी। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के रामभांठा का है।

रामभांठा में रहने वाला पीड़ित अरुण निषाद (38) ने कोतवाली थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बड़े भाई सुरेन्द्र निषाद के घर रात 9 बजे विवाद शांत कराने गया था, जहां उससे मारपीट की गई।

**थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो**




**घर में लगा दी आग:** पीड़ित ने बताया कि सुरेन्द्र निषाद और उसका बेटा अमन निषाद शराब के नशे में विवाद कर रहे थे। वहां वह पहुंचा। झगड़ा करने से भतीजा अमन को मना करने लगा। अमन निषाद ने ईंट से उसके सिर पर मार दिया। उसे मामूली चोट आई। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा, तो भतीजा अमन ने उसके घर में आग लगा दी।

**50 हजार का सामान जल गया:** आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। ऐसे में दमकल विभाग और पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। आग को बुझाने की कोशिश में लगभग आधा घंटा में आग पर काबू पा लिया। आग से कूलर, पंखा, टीवी, पलंग, कपड़ा सहित करीब 50 हजार का सामान जल गया है।

**मामले की जांच की जा रही:** मामले में कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 326 (जी) बीएनएस का अपराध दर्ज कर लिया गया है। आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है उसकी पतासाजी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गर्लफ्रेंड घुमाने के शक में घोंप दिया नुकीला चिमटा

## जिओ-मार्ट में घुसकर कर्मचारी की आंख में डाली मिर्च, फिर दौड़ाकर मारा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** रायपुर स्थित जिओ मार्ट के दफ्तर में घुसकर एक युवक ने कर्मचारी की आंखों में मिर्च डाल दी। इसके बाद नुकीले चिमटे से हमला कर दिया। आरोपी युवक को शक था कि कर्मचारी उसकी गर्लफ्रेंड को लेकर घूमता है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, कटोरा तालाब स्थित जिओ मार्ट में मोहम्मद वारिस खान काम करता है। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे डीडी नगर निवासी प्रणय राय ऑफिस में घुस गया। अंदर आते ही वह वारिस से विवाद करने लगा। खास बात यह है कि दोनों एक-दूसरे को जानते तक नहीं हैं।

**धारदार चिमटा से 4-5 वार किए:** आरोप है कि विवाद के दौरान प्रणय यादव ने अपने बैग से पॉलीथिन में रखा मिर्ची पाउडर निकाला और वारिस की आंख में फेंक दिया। वारिस चिल्लाने लगा तो आरोपी प्रणय ने लोहे के धारदार चिमटे से उसके पेट, जांघ और कंधे के पास एक के बाद एक कई वार कर दिए। जिससे वारिस बुरी तरह से घायल हो गया।

**बचने के लिए भागा तो आरोपी ने दौड़ाकर मारा:** हमले से बचने के लिए वारिस बचकर भागा, तो प्रणय भी उसके पीछे पकड़ने के लिए दौड़ा। वारिस ठोकर खाकर गिर पड़ा तो प्रणय ने फिर उस पर हमला किया और वहां से भाग निकला। इस दौरान जिओ मार्ट के दफ्तर में दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी प्रणय को रोकने का प्रयास नहीं किया।

**साथी कर्मचारी देखते रहे, कोई बचाने नहीं आया:** सीसीटीवी में दिख रहा है कि, घटनास्थल के आसपास करीब आधे दर्जन कर्मचारी मौजूद थे। लेकिन किसी ने भी आरोपी को रोकने की हिम्मत नहीं की। सभी चुपचाप खड़े होकर वारदात को देखते रहे। हालांकि पुलिस को वारदात की सूचना मिलते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पीड़ित का अस्पताल में इलाज जारी है।

## कॉलेज की मांग को लेकर छात्रों की गांधीगिरी

## रघुपति राघव राजा राम गाते चला रहे हस्ताक्षर अभियान, अबतक 700 लोगों ने किया हस्ताक्षर

**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** गरियाबंद जिले के अमलीपदर हायर स्केंडरी स्कूल के छात्रों ने कॉलेज की मांग को लेकर गांधीगिरी शुरू कर दी है। छात्रों की टोली रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर समर्थन जुटा रहे हैं। अब तक 700 छात्रों से हस्ताक्षर करवा चुके हैं। आगे स्थानीय जनप्रतिनिधि का भी हस्ताक्षर लेंगे।

अभियान के लीडर छात्र अतुल ताम्रकार, शाहिल मिर्जा, विशाल मिश्रा ने बताया कि, वे मांग पूरी नहीं होने तक अभियान जारी रखेंगे। उनके इस अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। इलाके में हर साल 300 से ज्यादा छात्र कॉलेज पढ़ने जाते हैं। स्थानीय स्तर पर सुविधा नहीं मिलने से आवाजाही का खर्च उठा पाने में



असमर्थ परिवार के छात्र आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

**लंबे समय से कॉलेज खोलने की कर रहे मांग:** अमलीपदर में महाविद्यालय की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं। इलाके में भौगोलिक रूप से विषम परिस्थितियां है। नदी से घिरे होने के कारण क्षेत्र में मौजूद 50 गांव बारिश में अक्सर टापू में घिर जाते हैं।

भाजपा-कांग्रेस सरकार ने अपने-अपने कार्यकाल में केवल आश्वासन ही दिया, लेकिन कॉलेज दूसरे जगह खोल दिया गया। मायूस जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साध लिया तो अब छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। 16 अगस्त को छात्रों ने विशाल रैली निकाल शासन प्रशासन के नाम तहलीदार योगेश सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा था। सुनवाई नहीं होता देख गांधी गिरी शुरू कर दिया है।

**पूर्व छात्रों का छलका दर्द:** अमलीपदर निवासी त्रिभुवन ताम्रकार, मुकेश मांझी और बहरापारा निवासी रुकमन यादव 2021 के बाद 12वीं पास किए, लेकिन दूरी के वजह से आगे की पढ़ाई नहीं कर पाए। 10 साल पहले 12वीं पास करने वाले अविनाश भोसले कहते हैं कि उनकी उच्च शिक्षा लेने की इच्छा थी, कॉलेज में दूरी के कारण प्राइवेट पढ़ना पढ़ा। ज्यादातर बेटियों को भी अपनी इच्छा मारनी पड़ी। पूर्व छात्र और कांग्रेस नेता अनुराग वाघे ने कहा कि, छात्रों की गांधीगिरी का वे समर्थन करते हैं। पूर्व में भारी प्रयास करने के बावजूद कॉलेज अम्लीपदर में खुलने के बजाए अन्यत्र खोल दिया गया।

## लॉज में मिली बिहार के युवक की लाश

## 2 दिन से फांसी के फंदे पर लटकी रही, दिल्ली से आया हूं कहा था

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के शांति लॉज के कमरा नंबर 211 में एक युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली है। बताया जा रहा है कि लॉज में 2 दिन से बॉडी फांसी के फंदे पर झूलती रही। दुर्गंध आने पर लॉज का कमरा खोला गया, तब खुलासा हुआ। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक युवक का नाम विशबंर सिंह (35) सिंह है, जो बिहार का रहने वाला था। किसी कंपनी में सेल्समैन का काम करता था। वह 28 सितबंर को शांति लॉज में पहुंचा था। एक कमरा लेकर रह रहा था।

**फांसी के फंदे पर शव को पुलिस ने उतरवाया:** लॉज के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 3 बजे बदबू आन पर



उन्हें जानकारी हुई। इसके बाद फौरन पुलिस को सूचना दी। बुधवार की सुबह पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

**2 दिन में सड़ गई थी लाश:** बताया जा रहा है कि 2 दिन में डेडबॉडी सड़ गई थी। काफी दुर्गंध फैल रही थी। बताया जा रहा है कि दिल्ली से आया हूं बताकर कमरा लिया था। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली तो वहां सुसाइड नोट नहीं मिला। ऐसे में उसके फांसी लगाने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

## मेकॉज में गायनिक वार्ड के डॉक्टर मिली कोरोना पॉजिटिव

## 16 महीने बाद मिला मरीज, ड्यूटी पर संपर्क में आए लोगों की भी जांच

**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गायनिक वार्ड में पदस्थ एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कोरोना पॉजीटिव मिली है। वे पिछले 9-10 दिनों से सर्दी, खांसी, बुखार और शरीर दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। आरटीपीसीआर जांच में चिकित्सक के कोविड पॉजीटिव होने की पुष्टि हुई है। इस दौरान चिकित्सक एमसीएच बिल्डिंग में ड्यूटी पर भी रहे। उन्हें होम आइसोलेशन में भेजा गया है। संपर्क में आने वालों की आरटीपीसीआर रिपोर्ट निगेटिव आई है।



**ट्रेवल हिस्ट्री नहीं, सपर्क में आने वालों की भी जांच:** कोविड पॉजिटिव मिले चिकित्सक की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। वे लगातार अंबिकापुर में ही रहकर ड्यूटी कर रहे थे। हालांकि तबीयत ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने आम दिनों की तुलना में कम समय दिया। होम आइसोलेशन के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि, उनके संपर्क में आने वालों का भी आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जा रहा है। हालांकि अभी तक कोई पॉजिटिव नहीं मिला है। पीड़ित चिकित्सक को कोविड वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। ऐहतियातन सभी को कोई भी लक्षण दिखने पर तत्काल जांच करने की हिदायत दी गई है।

**वैरिएंट की होगी जांच:** सीएमएचओ डॉ. पीएस. मार्को ने कहा कि, चिकित्सक के कोविड पॉजिटिव मिलने के बाद जीनोम सीक्वेंसिंग के सैंपल रायपुर एम्स भेजे गए हैं। इससे पता चल सकेगा कि, चिकित्सक कोविड-19 के किस वैरिएंट से पीड़ित है।

**16 माह बाद आया नया केस:** सरगुजा जिले में कोविड का आखिरी मरीज 23 मई 2023 को मिला था। इसके बाद से अभी तक लगभग 50 हजार सैंपल की जांच हुई, जिसमें सिर्फ 1 पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले में कोरोना की स्थिति सामान्य है। त्यौहारी सीजन में बच्चों, बुजुर्ग और खासकर कमजोर लोगों को भीड़ वाले जगह पर जाने से बचना चाहिए। एक सप्ताह तक सर्दी, खांसी, बुखार व कमजोरी बना रहे तो कोविड़-19 जांच कराएं।

# पंडालों में पहुंचने लगीं माता की प्रतिमाएं

## ढोल, नगाड़ों के साथ दरबार तक ले जा रहे भक्त, दुर्ग में 1000 से अधिक पंडाल

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई निप्र।** कल यानी गुरुवार से नवरात्रि का त्योहार शुरू हो रहा है। मूर्तिकारों के यहां से देवी मां की प्रतिमा को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर उनके दरबार तक ले जाया जा रहा है। दुर्ग में माता की प्रतिमाएं 70 फीसदी पहुंच चुकी हैं। शेष मूर्तियां शाम तक पंडालों में पहुंच जाएंगी।

दुर्ग जिले की बात करें तो यहां छोटी बड़ी प्रतिमा को मिलाकर लगभग एक हजार से अधिक पंडालों में माता की प्रतिमाएं बिराजती हैं। ज्यादातर मूर्तियां थनौद गांव से आती हैं। यहां 70 प्रतिशत कुम्हार घरों में प्रतिमा बनाई जाती हैं। वहीं बड़ी प्रतिमाओं की बात करें तो 50 से अधिक प्रतिमाएं ऐसी हैं, जिन्हें देखने के लिए पूरा शहर वहां पहुंचता है।

**नौद और बंगाली मूर्तिकारों के हाथों की बनी प्रतिमा:** भिलाई की बात करें यहां इस बार थनौद और बंगाली मूर्तिकारों के हाथों की बनी प्रतिमा देखने को मिलेगी। न्यू स्टार





सार्वजनिक श्रीश्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष शंभू जायसवाल ने बताया कि वो लोग कई सालों से माता की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे हैं। वो लोग बंगाली कलाकारों के हाथों की बनी मूर्ति को लाते हैं।

उन्होंने इस बार भिलाई टाउनशिप में मूर्तिकारों से प्रतिमा को बनवाया है। इसी तरह छावनी थाने के बगल से बिराज रही माता की विशाल प्रतिमा को भी बंगाली मूर्तिकारों द्वारा बनाया गया है। यह प्रतिमा महिसासुर मर्दिनी के रूप में काफी विशाल है।

इसके साथ ही शहर में महापौर नीरजपाल, नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू, पार्षद हरिओम तिवारी सहित कई लोग माता की प्रतिमा का हर साल बैठाते हैं। इन प्रतिमाओं को वो लोग थनौद के कारीगरों से बनवाते हैं।

**लगा रहा भक्तों का रेला:** मूर्तिकारों के यहां से प्रतिमा लाने के लिए भक्तों का रेला लगा रहा। बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद ट्रेलर के ऊपर खा गया। इसके बाद माता के जयकारों के साथ ढोल तासों के बीच माता के बन रहे दरबार तक पहुंचाया गया। इस दौरान पूरे रास्ते में भक्त अपनी अपनी गाड़ियों से चलते रहे और माता के जयकारे लगाते रहे।

**प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भक्ति में डूबेगा शहर:** कल यानि 3 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो जाएगी। पंडितों के द्वारा सभी जगह माता की प्रतिमा की पूजा कराई जाएगी। विधि विधान से पूजा पाठ के बाद जैसे ही प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी उसके साथ ही वहां 9 दिन तक लगातार दिन रात माता के भक्त पूजा और सेवा में लगे रहेंगे।

पूरे नौ दिन दरबार और उसके बाद तीन से चार दिनों तक विसर्जन यानि लगभग 13-14 दिन तक पूरा शहर माता की भक्ति के सागर में डूबा रहेगा।

## बिहार में बाढ़ राहत में जुटे एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर का इंजन फेल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार में बाढ़ राहत में लगे एयरफोर्स के एक हेलिकॉप्टर का बुधवार को इंजन फेल हो गया। मुजफ्फरपुर जिले के औराई में पायलट ने पानी में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। हेलिकॉप्टर सीतामढ़ी से बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा था। इसमें 2 पायलट और 2 जवान सवार थे, जो सुरक्षित हैं। उन्हें मामूली चोट आई है। एयरफोर्स ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। नेपाल में भारी बारिश की वजह से बिहार की कई नदियां उफान पर हैं। 16 जिलों की करीब 10 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, दरभंगा में हालात बेहद खराब हैं। वहीं, देश में मानसून सीजन अब खत्म होने वाला है। दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों को छोड़कर किसी राज्य में बारिश का अलर्ट नहीं है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर खत्म हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के कई जिलों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। मंगलवार को गंगानगर, फलोदी में सबसे ज्यादा 39.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मध्य प्रदेश का खजुराहो 36.8 डिग्री तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग का आज 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट है।

## हरियाणा में आप उम्मीदवार ने पार्टी छोड़ी

**चंडीगढ ( एजेंसी )।** हरियाणा विधानसभा की नीलोखेड़ी (स्ष्ट) सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे अमर सिंह ने कांग्रेस जॉइन कर ली है। पार्टी के चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा की उपस्थिति में अमर सिंह ने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। प्रताप सिंह बाजवा ने उन्हें विधिवत रूप से पार्टी का सदस्य बनाया। अमर सिंह का स्वागत करते हुए प्रताप सिंह बाजवा ने कहा- वह बिना किसी शर्त कांग्रेस में शामिल हुए हैं और कांग्रेस के उम्मीदवार धर्मपाल गोंदर को उन्होंने पूरी तरह से समर्थन देने का ऐलान किया है। कांग्रेस जॉइन करने के बाद अमर सिंह ने कहा, अगर मैं चुनाव लड़ता तो इसका सीधा लाभ भाजपा को होता। वोट का विभाजन न हो इसे सुनिश्चित करने के लिए ही मैं कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। मीडिया के साथ बातचीत में अमर सिंह ने कहा, इस समय हरियाणा में मुकाबला सीधे कांग्रेस और भाजपा के बीच है। नीलोखेड़ी में भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि इस समय सबसे बड़ा मकसद किसानों, महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय करने वाली भाजपा सरकार से निजात पाना है और यह काम केवल कांग्रेस कर सकती है।

## पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत

**पुणे ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे। तीनों की मौत हो गई। घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6.45 बजे हुई।

# झारखंड की लड़ाई रोटी-बेटी-माटी को बचाने की : प्रधानमंत्री


**हजारीबाग/रांची ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड दौरे पर हैं। हजारीबाग में पीएम मोदी ने 83 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। अब वो आदिवासियों से संवाद के लिए पहुंचे हैं। हजारीबाग के मटवारी मैदान में परिवर्तन महारैली हो रही है। परिवर्तन रैली में अपने संबोधन की शुरुआत पीएम ने जय जौहार से की। पीएम ने कहा कि झारखंड के विकास में कांग्रेस, जेएमएम और राजद का गठबंधन सबसे बड़ी बाधा है। राज्य का विकास तभी होगा जब ये सत्ता से हटेंगे। पीएम ने कहा कि झारखंड की लड़ाई सत्ता पाने की लड़ाई की नहीं है। ये रोटी-बेटी-माटी को बचाने की लड़ाई है। जेएमएम और कांग्रेस झारखंड के साथ-साथ देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस ने एक परिवार को पहचान दिलाने के लिए आदिवासियों की पहचान मिटा दी। सारी योजनाएं, सारी सड़कें एक ही परिवार के नाम पर है। ऐसी सोच ने देश का बहुत नुकसान किया। बीजेपी वो पार्टी है,जिसने झारखंड का सपना देखा भी और उसे पूरा भी किया। इससे पहले बिनोवा भावे विवि परिसर में



योजनाओं की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, वो आदिवासियों के कल्याण से जुड़ी है। आज महात्मा की जयंती है, आदिवासी विकास के लिए उनका विजन हमारी पूंजी है। गांधी जी का मानना था कि देश का विकास तब हो सकता है, जब जनजातीय समाज का विकास हो। पीएम ने ये भी कहा कि सही दिशा में किया गया प्रयास सही परिणाम देता है। योजनाओं के शिलान्यास के साथ ही पीएम मोदी ने देश के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की। इस अभियान पर 79 हजार 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके बाद झारखंड बीजेपी की ओर से चलाए जा रहे परिवर्तन यात्रा का समापन करेंगे। पीएम के दौरे को लेकर रांची हाई अलर्ट पर है। बता दें कि पीएम मोदी का पिछले 17 दिनों में दूसरा झारखंड दौरा है। हजारीबाग में परिवर्तन महासभा में पीएम शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल नए घर में शिफ्ट होंगे। बुधवार को,क्क ने कहा कि केजरीवाल के लिए मंडी हाउस इलाके में घर फाइनल हो गया है। फिरोजशाह रोड पर ,क्क के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो बंगलों में से एक में केजरीवाल रहेंगे। आप के मुताबिक दोनों बंगले पार्टी मुख्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर हैं। केजरीवाल 4 अक्टूबर को फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास खाली करके यहां आएंगे। केजरीवाल ने भी नवरात्र में सीएम आवास खाली करने का बोला था। केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली



के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद,क्क ने केंद्र सरकार से केजरीवाल को नेशनल पार्टी के प्रमुख के तौर पर आवास मुहैया कराने की मांग की थी। केजरीवाल अब नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। दिल्ली में विधायकों को सरकारी आवास नहीं मिलते हैं। दिल्ली का सीएम बनने से पहले केजरीवाल गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में रहते थे।

13 सितंबर- केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली शराब नीति मामले में 21 मार्च 2024 को श्वष्ठ ने दो घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को उनके घर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे तिहाड़ जेल में थे। गिरफ्तारी के 177 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को उन्हें जमानत दी थी।

## विधानसभा से पहले 4 सीटों पर उपचुनाव लड़ेगी जन सुराज

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को पटना के वेटरनरी ग्राउंड में प्रशांत किशोर ने जन सुराज को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया। एससी समुदाय से आने वाले मनोज भारती को जन सुराज का पहला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है पीके ने उनके नाम की घोषणा करते हुए कहा कि भारती को इसलिए अध्यक्ष नहीं चुना गया कि वे दलित समुदाय से हैं, बल्कि इसलिए चुना गया है, कि वे काबिल हैं और दलित समुदाय से भी आते हैं। 4 देशों में राजदूत रहे मनोज भारती मधुबनी के हैं। पीके ने जैसे ही उनका नाम अनाउंस किया उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। पूर्व आईएफएस अफसर मनोज भारती का कार्यकाल मार्च तक रहेगा। इसके बाद अध्यक्ष चुनने को लेकर फिर चुनाव होगा। प्रशांत किशोर ने ऐलान किया कि 2025 तक नहीं रुकना है। 2024 में ही बिहार की दूसरी पार्टियों का हिसाब कर दिया जाएगा। नवंबर 2024 में बिहार की 4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। रामगढ़, तरारी, बेलागंज और इमामगंज सीट पर जन सुराज पार्टी अपने कैंडिडेट उतारेगी।

# हरियाणा चुनाव में खड़गे की पहली और आखिरी रैली

**हरियाणा ( एजेंसी )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार (2 अक्टूबर) को हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए पहली और आखिरी रैली की। इससे पहले उनकी अंबाला और करनाल में रैली कैंसिल हो गई थी। तबीयत खराब होने के चलते दोनों जगह नहीं पहुंच पाए थे। उन्होंने चरखी दादरी के बाढड़ा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल ने साढ़े 9 साल शासन किया। प्रदेश की गठबंधन सरकार के दोनों इंजन फेल होते ही



उन्हें बदलकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया। इन्होंने हरियाणा के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं किए। भाजपा पहाड़ खोदकर चूहा निकालती है। खड़गे ने कहा कि मोदी झूठों के सरदार हैं। साल 2014 में सत्ता संभालने से पहले मोदी ने जो देशवासियों से वादे किए, उन्हें 10 साल के शासन के बाद भी नहीं निभाया। पूर्व में किसी प्रधानमंत्री ने झूठ नहीं बोला, लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री ने देश के समक्ष बार-बार झूठ बोला है। खड़गे ने कहा कि कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव से पहले मोदी ने कहा था कि कांग्रेस नेताओं का काला धन विदेश में है और अगर भाजपा की सरकार बनी तो उसे देश में वापस लाकर प्रत्येक देशवासी के खाते में 15 लाख डालूंगा।

## मणिपुर के उखरुल में हिंसा, 3 की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है। चुराचांदपुर में उग्रवादी की गोली मारकर हत्या दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास मंगलवार को अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि मृतक यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी का सदस्य था। घटना कल सुबह 12-15 बजे चुराचांदपुर में टोरबुंग बंगले से करीब 1.5 किमी दूर हुई। पुलिस ने हाओकिप के शव को चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज के मॉर्चुरी में रखवा दिया है। थौबल में 48 घंटे का बंद, जनजीवन प्रभावित इधर, मणिपुर के थौबल जिले में उग्रवादियों द्वारा दो युवकों की किडनैपिंग के विरोध में जॉइंट एक्शन कमेटी ने 48 घंटे का बंद बुलाया था। इससे मंगलवार, 1 अक्टूबर को सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

## तिरुपति लड्डू विवाद- पवन कल्याण तिरुमाला पहुंचे

**तिरुपति ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में डिप्टी सीएम पवन कल्याण की 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा जारी है। पवन प्रायश्चित के तहत 1 अक्टूबर से तीन दिनों के लिए तिरुपति मंदिर यात्रा पर हैं। वे 3 अक्टूबर तक चप्पल या जूता नहीं पहनेंगे। उन्होंने 1 अक्टूबर की देर रात तिरुमाला पहुंचने के बाद तिरूपति के अलीपिरी के रास्ते करीब 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं। फिर गायत्री निलयम गेस्ट हाउस में रात गुजारी। पवन आज श्रीवारा में तपस्या की दीक्षा लेंगे। वह 3 अक्टूबर को दीक्षा खत्म होने के बाद वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करेंगे। बुधवार को पवन कल्याण की दोनों बेटियां भी तिरुपति पहुंची।

## बरेली में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 3 की मौत

**बरेली ( एजेंसी )।** बरेली में बुधवार शाम एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। आसपास के 8 मकानों में नुकसान हुआ है। 5 मकान गिर गए, 3 में दरारें आ गई हैं। 6 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। धमाका करीब 2 चरूदूर तक सुनाई दिया है। जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है। पुलिस और गांव वालों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना बरेली से 85 किमी दूर सिरौली क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की है। यहां एक मकान में बिना लाइसेंस पटाखे बनाए जा रहे थे। तभी अचानक धमाका हुआ। गांव वालों ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस अफसर भी मौके पर हैं। कल्याणपुर गांव में रहने वाले रहमान शाह के रिश्तेदार नाजिम और नासिर सिरौली बाजार में आतिशबाजी का काम करते हैं। रहमान शाह भी अपने घर पर चोरी-छिपे आतिशबाजी बनाकर उन्हें देता था। पटाखा बनाने के लिए लोग यहां आकर काम करते हैं। बुधवार शाम करीब 3 बजे अचानक जोरदार धमाका हुआ। रहमान शाह का मकान पूरी तरह से ढह गया। धमाके की आवाज से पूरा गांव दहल गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास रहने वाले रुखसार, इसरार खां, बाबू शाह और पीर शाह के घर भी पूरी तरह से धराशायी हो गए।

## हरियाणा में जेजेपी प्रत्याशी ने पार्टी छोड़ी


**पानीपत ( एजेंसी )।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच जननायक जनता पार्टी को झटका लगा है। वोटिंग से 2 दिन पहले पानीपत ग्रामीण से जजपा के प्रत्याशी रघुनाथ तंवर कश्यप ने पार्टी छोड़ दी। उन्होंने बीजेपी पार्टी जॉइन कर ली है। रघुनाथ को कार्यवाहक सीएम नायब सैनी ने पार्टी का पटका पहनाया। इस दौरान पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। इसके साथ ही पानीपत ग्रामीण सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार महिपाल ढांडा को अपना समर्थन दे दिया है। जेजेपी के पानीपत जिला के प्रधान राम निवास पटवारी ने कहा की जब रघुनाथ को पार्टी में जॉइन करवा रहे थे तो सभी ने विरोध किया था। कहा था यह चुनाव छोड़कर बीच में भागेगा, लेकिन रघुनाथ ने हाईकमान को आश्वस्त किया था कि वह पूरा चुनाव मेहनत के साथ लड़ेगा। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक सीएम नायब सैनी ने जेजेपी के उम्मीदवार को अपनी पार्टी में मिलाया है, ये तानाशाही की निशानी है। किसी उम्मीदवार को बीच में पार्टी जॉइन कराना बिल्कुल गलत है। भाजपा के ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रघुनाथ तंवर कश्यप ने 10 सितंबर शाम को पार्टी को अलविदा कहा था। रघुनाथ ने अपना इस्तीफा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को भेजा था। दरअसल, रघुनाथ तंवर कश्यप पानीपत ग्रामीण विधानसभा टिकट न मिलने से नाराज थे। वह लगातार टिकट की मांग कर रहे थे। उनको उम्मीद थी कि भाजपा इस बार ग्रामीण में ओबीसी कार्ड खेलेगी , ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने अपने समर्थकों से सलाह की थी। टिकट कटने के बाद से ही वह कई पार्टियों के संपर्क में थे। 12 सितंबर को वह जजपा में शामिल हो गए थे।

## राजस्थान के जंगल से 1 लाख पेड़ काटने की तैयारी

**बारां ( एजेंसी )।** संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि पेड़ काटे गए तो आंदोलन किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक यह जंगल प्रस्तावित चीता प्रोजेक्ट में भी शामिल है, क्योंकि इसके बिल्कुल नजदीक मध्यप्रदेश में कूनो पालपुर नेशनल पार्क है। यहीं पर अफ्रिका से लाए गए चीते छोड़े गए हैं। जानकारों के अनुसार चीता के लिए शाहाबाद के जंगल बेहद अनुकूल है। वन विभाग अधिकारियों के अनुसार दिसंबर-2023 में भी चीता कूनो से निकलकर शाहाबाद क्षेत्र के बांझ आमली वन क्षेत्र तक पहुंच गया था। इससे पहले भी फरवरी-2023 फरवरी में चीता बाड़े से निकलकर शाहाबाद के मामोनी तक पहुंच गया था। दोनों बार वन विभाग की टीम उसे ट्रेंक्युलाइज कर वापस कूनो लेकर गई थी। दरअसल, शाहपुर में ग्रीनको एनर्जी को 1800 मेगावाट के पावर प्लांट के लिए जंगल की 407.82 हेक्टेयर जमीन को डायवर्जन करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। इस वनभूमि के बदले जैसलमेर में जमीन उपलब्ध कराई गई है।

## विनेश फोगाट बोलीं- मैंने पीएम मोदी से बात नहीं की

**पानीपत ( एजेंसी )।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच जुलाना से कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व रेसलर विनेश फोगाट का दावा है कि पेरिस ओलिंपिक में 100 ग्राम बढ़े वजन से डिसक्वालिफाई होने पर पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें कॉल आई थी लेकिन उसमें कुछ शर्तें रखी गई थी। वह ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी डालना चाहते थे, इसलिए मैंने बात करने से इनकार कर दिया। एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में विनेश ने इसका खुलासा किया। हालांकि विनेश फोगाट का एक और इंटरव्यू वीडियो सामने आया है, जिसमें वह दावा कर



रही हैं कि डिसक्वालिफिकेशन के बाद उन्हें किसी भाजपा नेता ने फोन नहीं किया।

इंटरव्यू में विनेश से सवाल किया गया कि ओलिंपिक में मेडल से चूकने के बाद क्या आपसे प्रधानमंत्री ने बात की थी। इस पर पहले विनेश हंस पड़ी और फिर कहा कि फोन आया था, लेकिन मैंने मना कर दिया।

विनेश ने कहा कि उनका डायरेक्ट फोन नहीं आया। इंडिया के जो ऑफिशियल हैं उन्होंने फोन किया था। उन्होंने बताया था कि वह बात करना चाहते हैं। मैंने बोला ठीक है। उन्होंने मेरे सामने शर्त रखी कि आपका कोई आदमी साथ नहीं रहेगा।हमारी टीम शामिल रहेगी। इसमें 2 लोग हैं। एक वीडियो शूट करेगा और दूसरा बात करवाएगा।

## ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस, जूनियर डॉक्टर्स ने मार्च निकाला

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर ने फिर से मार्च निकाला। ये विरोध मार्च कोलकाता में कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला तक निकाला गया। जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए काम बंद कर दिया है। डॉक्टरों की मांग है कि उन्हें पूरी तरह सुरक्षा दी जाए। इससे पहले जूनियर डॉक्टर 10 अगस्त से लेकर 42 दिन तक विरोध प्रदर्शन करते



रहे। 21 सितंबर को सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी पर वापस आए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर को सुनवाई के दौरान अस्पतालों की सुरक्षा में कोताही पर ममता सरकार की खिंचाई की थी। साथ ही आदेश दिया कि सभी अस्पतालों में 15 दिन में सीसीटीवी लगाए जाएं। 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर से रेप मर्डर के विरोध में ट्रेनी डॉक्टर्स हड़ताल कर रहे थे।

## कभी खुद्दारी नहीं आती... पाक कप्तान शान मसूद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुई फजीहत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद की फजीहत हो गई। दरअसल, एक कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार उनकी बेइज्जती कर दी। शान मसूद ने एक ऐसा सवाल किया जिसको सुन हर कोई हैरान हो गया और मसूदन ने सवाल को सुनकर मुंह फेर लिया और इसका जवाब नहीं दिया। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ इसी महीने टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज पर सभी की नजरें हैं और टीम पर इस जीतने का दबाव भी है क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को उसे उसके घर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से पटखनी दी थी। इस सीरीज से पहले शान मसूद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे जिसमें एक पत्रकार ने उनसे तल्ख लहजे में सवाल कर दिया। कॉन्फ्रेंस में पत्रकार ने जो सवाल मसूद से पूछा उसका वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में पत्रकार ने मसूद से पूछा कि, आपका कहना है कि पीसीबी आपको मौका देगा तो आप उन मौकों का फायदा उठाएंगे। लेकिन सभी खुद से खुद्दारी नहीं आती कि हार गए हैं, परफॉर्मेंस नहीं हो पा रहा है तो खुद से छोड़ दें। इस सवाल को सुनकर मसूद हैरान रह गए क्योंकि उन्हें इस तरह के सवाल के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने तुरंत अपना मुंह दूसरी तरफ फेरा और पाकिस्तान के मीडिया मैनेजर से कुछ बात करने लगे। फिर मुस्कुराने लगे और सवाल का जवाब नहीं दिया।

# आर अश्विन का टेस्ट क्रिकेट में एक और कारनामा, इस दिग्गज के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान रचा है। दरअसल, अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड हासिल करने वाले संयुक्त रूप से दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की बराबरी कर ली है। आर अश्विन ने एक बार फिर सेटेस्ट क्रिकेट में कमाल का प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में न सिर्फ गेंद से, बल्कि बल्ले से भी कमाल दिखाया। आर अश्विन ने 11वीं बार टेस्ट क्रिकेट में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड अपने नाम किया। इतने ही अवॉर्ड श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने टेस्ट में जीते हैं। साउथ अफ्रीका के जैक कैलिस ने 9 बार टेस्ट क्रिकेट में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता है, जबकि रिचर्ड हेडली, इमरान खान और शेन वॉर्न ने 8-8



बार टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने का गौरव हासिल किया था। अश्विन पहले से ही भारत के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी चेन्नई टेस्ट मैच के साथ बन गए थे, जब उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पछाड़ा था।

अश्विन ने इस टेस्ट सीरीज में बल्ले से एक शतक के साथ 114 रन बनाए, जबकि 11 विकेट उन्होंने इस सीरीज में चटकाए। चेन्नई टेस्ट मैच में शतक के साथ-साथ पारी में 6 विकेट भी निकाले थे। वहीं कानपुर टेस्ट मैच में उनका बल्ला नहीं चला, लेकिन गेंद से दोनों पारियों में 5 विकेट निकाले। दूसरी पारी में पहले तीन विकेट उन्हें को मिले थे। अश्विन ने लगातार 13 ओवर गेंदबाजी पहली पारी में की। पहले दो विकेट उनको मैच के चौथे दिन मिले थे। टेस्ट क्रिकेट में वे 500 से ज्यादा विकेट हासिल कर चुके हैं। वे 5000 से ज्यादा रन भी टेस्ट क्रिकेट में बना चुके हैं।

## बूम-बूम बुमराह.... कमाल की गेंदबाजी




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट की दूसरी पारी में कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने बांग्लादेश के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। बांग्लादेश का आखिरी विकेट भी बुमराह ने मुश्फिकुर रहीम को क्लीन बोल्ड किया। रहीम टीम इंडिया की राह का कांटा बनते नजर आ रहे थे। उन्होंने 37 रन बना लिए थे और पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ डटे हुए थे। रहीम को आउट करने के इरादे से कप्तान रोहित शर्मा ने बुमारह को गेंद थमाई और लंच से पहले आखिरी ओवर बुमराह फेंकने आए। बुमराह ने अपने इस ओवर की आखिरी गेंद स्लोअर ऑफ कटर फेंकी। इसकी रफ्तार 125 किमी प्रति घंटा थी। मुश्फिकुर इस गेंद पर गच्चा खा गए और उनका मिडिल स्टम्प गिर गया। बता दें कि, रहीम ने इस गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश की। लेकिन रफ्तार कम होने की वजह से उनका बल्ला निकल गया और गेंद सीधा अंदर की तरफ से आई और स्टम्प उड़ गए। रहीम 37 रन बनाकर आउट हो गए और इसके साथ ही बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई। बुमराह ने पहली पारी में भी रहीम को क्लीन बोल्ड किया था।

## इस युवा क्रिकेटर की सीढ़ियों से गिर कर हुई मौत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बंगाल के युवा क्रिकेटर आसिफ हुसैन का 28 साल की उम्र में निधन हो गया। इस खबर के बाद बंगाल क्रिकेट में मातम पसर गया है। सोमवार बीती रात हुई इस दर्दनाक घटना ने सभी को हैरान कर दिया। पता दें कि, क्रिकेटर की मौत सीढ़ियों से गिरने से हुई। इस अचानक घटी घटना ने सभी को हिला कर रख दिया है। लोग यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि इतने प्रतिभाशाली युवा की कैसे मृत्यु हो सकती है। बता दें कि, आसिफ हुसैन कोलकाता में क्लब क्रिकेट जगत में एक जाना माना नाम था। वह काफी अच्छा क्रिकेट खेलते थे। उनका सपना सीनियर बंगाल टीम का हिस्सा बने। उन्होंने अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बंगाल टी20 लीग के एक मैच में 99 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। इस साल की शुरुआत में उन्होंने क्लब क्रिकेट की पहली डिवीजन में स्पोर्टिंग यूनियन के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया था। आसिफ के मौत पर उनके परिवार को गहरा धक्का लगा है। उनके माता-पिता और परिवार के अन्य लोगों का बुरा हाल है। साथी खिलाड़ियों और क्रिकेट जगत के अन्य लोगों ने उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उनके टीम के साथियों का कहना है कि आसिफ एक चमकता खिलाड़ी था, जिसकी कमी हमेशा खलेगी।

## डब्ल्यूटीसी के इतिहास की सबसे सफल कप्तान बने रोहित शर्मा, विराट कोहली और बेन स्टोक्स को पछाड़ा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बांग्लादेश टीम को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मात देकर 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। इसके साथ ही रोहित शर्मा आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी के इतिहास के सबसे सफल कप्तान बन गए। रोहित शर्मा विनिंग पर्सेंटेज के हिसाब से डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान बन गए हैं। इस मामले में रोहित शर्मा अपने ही देश के पूर्व कप्तान विराट कोहली और इंग्लैंड की टीम के मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट की भी बराबरी डब्ल्यूटीसी टेस्ट मैच जीतने के मामले में कर ली है। भारत की टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा का जीत प्रतिशत डब्ल्यूटीसी के इतिहास में 66.70 हो गया है, जबकि विराट कोहली ने 63.6 प्रतिशत के हिसाब से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में मैच जीते थे। लिस्ट में तीसरे नंबर बेन स्टोक्स हैं, जिनका जीत प्रतिशत इंग्लैंड के लिए 62.5 है। हालांकि, सबसे ज्यादा टेस्ट मैच पैट कमिंस ने 17 टेस्ट मैच डब्ल्यूटीसी के इतिहास में जीते हैं। बेन स्टोक्स 15 टेस्ट मैचों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। विराट कोहली ने 14 टेस्ट डब्ल्यूटीसी में जीते हैं और रोहित शर्मा के साथ जो रूट ने 12-12 टेस्ट मैचों में जीत हासिल की है। बता दें कि, रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से कप्तानी संभाली थी। इसके बाद से वे एक भी सीरीज हारे नहीं हैं। एक सीरीज ड्रॉ जरुर रही है, लेकिन वे हर एक सीरीज को जीते हैं। हालांकि, एक अपवाद ये भी है कि वे डब्ल्यूटीसी का फाइनल भी हारे हैं।

## भारत ने बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट में 7 विकेट से दी मात

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच भारतीय टीम ने 7 विकेट से अपने नाम किया। इसके साथ ही रोहित ब्रिगेड ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से अपने नाम किया है। कानपुर टेस्ट की जीत किसी करिश्माई जीत से कम नहीं थी, क्योंकि मैच के दो दिन का खेल बारिश के कारण बाधित रहा था और पहले दिन महज 35 ओवर का ही खेल हुआ था। यशस्वी जायसवाल ने दोनों पारियों में बेहतरीन पारी खेकर अर्धशतक जड़े। दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती ये थी कि बांग्लादेश के 8 विकेट गिराने हैं। ये काम भारत के लिए जसप्रीत बुमराह (3), रविंद्र जडेजा (3), अश्विन (3) और आकाशदीप (1) ने मिलकर कर दिया। दिन के पहले सेशन में बांग्लादेश को 146 पर ढेर कर दिया। इस तरह जीत के लिए 95 रनों का लक्ष्य भारत को मिला, जिसे रोहित एंड कंपनी ने 17.2 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए थे।

## विराट कोहली ने शाकिब अल हसन को दिया ये गिफ्ट, आखिरी मैच में किया दिल जीतने वाला काम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश के महान ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने संभवतः अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल लिया है। कानपुर में खेला गया मैच उनके करियर का आखिरी टेस्ट मैच साबित हो सकता है। इस मैच में भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया और इसी के साथ टेस्ट सीरीज अपने नाम कर ली है। मैच के बाद विराट कोहली ने शाकिब अल हसन के साथ कुछ ऐसा कर दिया जिससे उनकी जमकर तारीफ हो रही है। शाकिब ने




कानपुर टेस्ट मैच के पहले ही कह दिया था कि वह बांग्लादेश में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के बाद खेल के लंबे प्रारूप से संन्यास ले लेंगे। शाकिब ने कहा था कि अगर उन्हें सुरक्षा मिली तो ही वो अपने देश लौटेंगे नहीं तो कानपुर टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट मैच होगा। मैच जब खत्म हो गया था और जिसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी प्रेजेंटेशन सैरेमनी में खड़े थे तब विराट ड्रेसिंग रूम से अपनी सबसे पसंदीदा चीज लेकर आए।

## विराट कोहली को लेकर ये क्या कह गए सुनील गावस्कर

**कानपुर ( एजेंसी )।** कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन भारतीय क्रिकेट टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी की। वहीं पांचवें दिन भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला जहां भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का परिचय दिया है। कानपुर टेस्ट के पांचवें दिन भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को महज 146 रन बनाए और ऑलआउट हो गए। वहीं चौथे दिन भारत ने इतिहास में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। हालांकि, इसके बावजूद सुनील गावस्कर बल्लेबाजी क्रम से ज्यादा प्रभावित नहीं दिखे। दरअसल, जियोसिनेमा पर सुनील गावस्कर ने कहा कि, आप एक ऐसे व्यक्ति की बात कर रहे हैं जिसने टेस्ट क्रिकेट में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए लगभग 9000 रन बनाए हैं।

गावस्कर यहां बल्लेबाजी क्रम में विराट कोहली के स्थान में बदलाव को जिक्र कर रहे थे। दरअसल, चौथे दिन भारतीय पारी के दौरान यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद उम्मीद थी कि विराट कोहली चौथे नंबर पर आएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ उनकी जगह ऋषभ पंत आए और लंबी पारी खेलने में असफल रहे। उन्होंने महज 11 गेंदों में 9 रन बनाए और आउट हो गए। जबकि कोहली पांचवें नंबर पर उतरे और भारत के इस करिश्माई बल्लेबाज ने 35 गेंदों पर 47 रन बनाए। कोहली ने इस दौरान




अहम मुकाम हासिल किया। वह सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर सबसे तेज 27 हजार अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली ने ये कारनामा अपनी 594वीं पारी में किया जबकि मास्टर ब्लास्टर ने 623 पारियों में ये रिकॉर्ड बनाया था। कोहली और तेंदुलकर के अलावा कुमार संगकारा और रिकी पोंटिंग दो अन्य क्रिकेटर हैं जिन्होंने ये रिकॉर्ड बनाया है। श्रीलंका के दिग्गज संगकारा को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 648 पारियों की जरूरत पड़ी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान रिकी पोंटिंग ने 650 पारियों में ये मुकाम हासिल किया था।

## जर्मनी के खिलाफ घरेलू हॉकी सीरीज की तैयारी के लिये शिविर में 40 संभावित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हॉकी इंडिया ने विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस महीने के आखिर में यहां होने वाली दो मैचों की श्रृंखला की तैयारी के लिये बेंगलुरू में सीनियर पुरूष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 40 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दो मैच खेले जायेंगे। शिविर एक से 19 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता और चीन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखा। शिविर में फोकस खिलाड़ियों के कौशल को निखारने और मैचों के दौरान की रणनीति पर होगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा ,''विश्व चैम्पियन के खिलाफ खेलना बेहतरीन मौका है जिसमें हम अपनी क्षमता दिखा सकते हैं। संभावित खिलाड़ियों में शामिल हर एक के पास विभिन्न स्तर पर अनुभव है और हम एक टीम के रूप में अच्छे प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।''

### संभावित खिलाड़ी

गोलकीपर-कृशन बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित

डिफेंडर - जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, अमनदीप लाकड़ा, नीलम




संजीप सेस, वरूण कुमार, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की, मनदीप मोर

मिडफील्डर - राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, एम रबिचंद्र सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह , राजिंदर सिंह, पूवन्ना सीबी

फॉरवर्ड - अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, आदित्य लालागे, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको, एस कार्ति, मनिंदर सिंह, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह।

प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल संबोधन के साथ आरंभ हुआ स्वच्छता दिवस समारोह

# स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना में 685 करोड़ की परियोजनाओं का हुआ भूमि-पूजन और लोकार्पण

### मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम को किया संबोधित






**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छ भारत दिवस-2024 के अवसर पर नई दिल्ली में हुए कार्यक्रम के क्रम में भोपाल में आयोजित स्वच्छता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के इतिहास से जुड़ी महान विभूतियों के नाम पर भोपाल के मार्गों पर द्वार स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति से जुड़े महापुरुषों भगवान राम, राजा भोज, राजा विक्रमादित्य, सम्राट अशोक आदि के नाम पर इन द्वारों का नामकरण किया जाएगा। भोपाल नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे नमो-उपवन को राज्य शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्वच्छता पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना के अंतर्गत 250 करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का भूमि-पूजन और भोपाल नगर निगम के उपकरणों तथा विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म-दिवस 17 सितम्बर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

**कर्तव्य पालन के दौरान दिवंगत 26 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के प्रमाण पत्र वितरित:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना अंतर्गत प्रदेश के लिए 435 करोड़ रूपए की लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं के भूमि-पूजन और लोकार्पण के लिए उनका आभार माना। इस अवसर पर आदर्श गौ-शाला ग्वालियर के 100 टन क्षमता बॉयो सीएनजी प्लांट का भी वर्चुअल शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक व संस्थाओं को सम्मानित किया। स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में नगर निगम उज्जैन को थ्री-स्टार रेटिंग मिलने पर उज्जैन के 2 हजार 115 सफाई मित्रों को प्रोत्साहन स्वरूप 3-3 हजार रुपये की राशि प्रदान करने के लिए 63 लाख 45 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक से नगर निगम उज्जैन को अंतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के स्वच्छता मित्रों से वर्चुअली आत्मीय संवाद किया तथा कार्य के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर निगम शासकीय सेवा में कर्तव्य पालन के दौरान दिवंगत 26 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम के 125 नए डोर-टू-डोर सीएनजी वाहनों, 6 नए हुक लोडर, दो श्रेडर मशीन तथा एक लिटर पिकिंग मशीन का अवलोकन किया तथा मंच से झंडी दिखाकर उनका लोकार्पण किया।

**अमृत योजना और "रि-ड्यूस, री-यूज, रि-साइकिल" पर केंद्रित रही प्रदर्शनी: तीन लघु फिल्मों का हुआ प्रदर्शन:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती "स्वच्छता दिवस" पर स्वच्छता पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में प्रदेश में स्वच्छता के लिए संचालित गतिविधियों, अमृत योजना और रि-ड्यूस- रि-यूज- रि-साइकिल पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रदेश को दी गई सौगातों पर केंद्रित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही गौ-वंश संरक्षण के लिए प्रदेश में जारी गतिविधियों और स्वच्छता ही सेवा अभियान संबंधी गतिविधियों पर तैयार लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा भोपाल के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक सर्वरामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, अध्यक्ष नगर निगम किशन सूर्यवंशी उपस्थित हैं।

## कलेक्टर ने किया गौरव दिवस समारोह स्थल का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नव गठित जिला मैहर की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर 5 अक्टूबर को बड़े ही धूम-धाम से पहला गौरव दिवस मनाया जाएगा। भव्य और गरिमामय तरीके से गौरव दिवस मनाने जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। गौरव दिवस के मुख्य आयोजन उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में किए जाएंगे। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच बनाया जा रहा है। साथ ही लगभग 11 हजार छात्र-छात्राओं, युवाओं, नागरिकों द्वारा मैदान में सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गायन की तैयारी भी की गई है। मैदान के दूसरी ओर फूड फेस्टीवल के तहत देशी और बघेली रुचिकर व्यंजनों के 18 स्टाल भी लगाए जा रहे हैं। खेल-कूद की गतिविधियां, रंगोली, पुष्प-सज्जा, प्रतियोगिता, इनडोर गेम्स की प्रतियोगिताएं भी साथ-साथ चलेंगी।

नवरात्रि के शुभ अवसर पर मैहर में आयोजित हो रहे गौरव दिवस की पहली गतिविधि प्रातः घंटाघर चौराहे से देवी मंदिर तक चुनरी यात्रा की होगी। जिसमें श्रद्धालु नगरवासी वेद मंत्रों के साथ सहभागिता करेंगे। मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने बुधवार को आयोजन स्थल पहुंचकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, सीएमओ लालजी ताम्रकार भी उपस्थित रहे।

## नवरात्रि मेले तैनात रहेंगे 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर में नवदिवसीय क्वांर नवरात्रि मेले में मां शारदा देवी मंदिर में आने वाले अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालु और दर्शनार्थी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड ने विभिन्न स्थानों पर 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये है। इसके अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने कर्तव्य स्थल पर सहयोगी कर्मचारी के साथ निर्धारित पाली में तैनात रहेंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार रोपवे कन्ट्रोल रूम में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर डॉ. आरती सिंह एवं दोपहर 1 बजे से पट बंद होने तक के लिए तहसीलदार रामदेव साकेत को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार मंदिर प्रांगण ऊपर प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक की पाली में नायब तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी सीसीटीवी कन्ट्रोल डयोढी में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर आरती यादव और दोपहर 1 बजे से रात्रि में पट बंद होने तक नायब तहसीलदार ललित धार्वे को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

मेला प्रांगण फारेस्ट बैरियर से लालगेट तक प्रातः 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार रोशनलाल रावत सेकेण्ड राउण्ड सीढी में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रभारी तहसीलदार अनुराग सिंह मरावी और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वीआईपी तल सीढी चैनल गेट में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक आरएईओ विनोद निगम और दोपहर 1 बजे रात्रि पट बंद होने तक ग्रामीण विकास उद्यान अधिकारी अतुल सिंह को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ सहयोग के लिए एक-एक राजस्व अधिकारी को भी नियुक्त किया गया है।

## कलेक्टर मैहर ने नवरात्रि की दी शुभकामनायें, और की व्यवस्था में सहयोग की अपील



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मैहर में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रृद्धालुओं और मैहर जिले वासियों को नवरात्रि की शुभकामनायें दी है। उन्होंने मां शारदा की पावन नगरी में 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलने वाले शारदेय नवरात्रि में मेले के सफल संचालन के लिए सभी से व्यवस्था में सहयोग की अपील भी की है।

कलेक्टर ने बताया कि मैहर में आयोजित होने वाले शारदेय नवरात्रि मेले में श्रृद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के सभी चौक-चौबंद प्रबंध किये गये हैं। कलेक्टर ने कहा कि नवरात्रि मेले में देश के कोने-कोने से श्रृद्धालु जन मैहर में देवी मां के दर्शन के लिए आते हैं। सभी नगरवासी स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थायें, समाजसेवी, मीडिया, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, मंदिर समिति, यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने वाले दुकानदार, वाहन चालक एवं मैहर के समस्त नागरिक गण अपनी गौरवमयी परंपरा के अनुरूप मेला संचालन में सहयोग प्रदान करें। ताकि श्रृद्धालु जन अपनी मैहर यात्रा की सुखद अनुभूति और अमिट छाप लेकर यहां से लौटे।

## स्वच्छता निरंतर चलने वाला अभियान है: सांसद

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में किया गया सफाई मित्रों का सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वच्छता निरंतर चलने वाला अभियान है यह कभी भी रूकने वाला अभियान नहीं है। स्वच्छता में लगे सफाई कर्मचारी तथा अन्य सब लोग अभिनंदन के पात्र है। हर व्यक्ति के जीवन में स्वच्छता प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। इस आशय की बात सतना सांसद गणेश सिंह ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर टाउन हॉल में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में कही। सांसद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा का यह अभियान चलाया गया। सांसद सिंह ने कहा कि आज हम सब संकल्प ले कि स्वच्छता में सतना को नम्बर 1 में लाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष अमरपाटन माया विनीत पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, रमाकांत पयासी, सुभाष बुनकर, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुसंजना जैन, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, रविंद्र सिंह सेठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना अंतर्गत 685 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। तत्पश्चात स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य के लिए नगर निगम सतना के 51, जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत के 10-10 सफाई मित्रों एवं सरपंचों को पुष्पमाला पहनाकर शाल-श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया।

मैहर जिले में स्वच्छता दिवस पर 75 सफाई मित्र हुए सम्मानित

## 26 लाख रूपये के सुलभ काम्पलेक्स निर्माण का भूमिपूजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** संपूर्ण देश के साथ ही मैहर जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का समापन स्वच्छता दिवस के मौके पर समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मैहर जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले 15 स्वयंसेवी नागरिक एवं संस्था, शहरी क्षेत्र के 32 सफाई मित्र और ग्रामीण क्षेत्र के 38 सफाई मित्रों को शाल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, संतोष सोनी, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, सीएमओ लालजी ताम्रकार, सीईओ जनपद प्रीतपाल बागरी भी उपस्थित रहे।

मैहर जिले के स्वच्छता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का वर्चुअल संबोधन भी देखा-सुना गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छत भारत मिशन एवं अमृत योजना अंतर्गत 685 करोड़ की परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छता आंदोलन से जनशक्ति के साक्षात्कार का अवसर मिला है। स्वच्छ भारत मिशन से देश के आमजन जीवन पर अनमोल सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन जितना सफल होगा। हमारा भारत देश उतना ही चमकेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के पखवाडे में पूरे देश भर में 27 लाख कार्यक्रम हुए और 28 करोड़ से अधिक लोगों ने सक्रिय भागीदारी भी की है।

## रीवा कमिश्नर और आईजी ने लिया मैहर मेला की व्यवस्थाओं का जाएजा



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद एवं आईजी महेंद्र सिंह शिकरवार ने बुधवार को नवरात्रि मेले के लिए मां शारदा मंदिर प्रांगण में दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मां शारदा देवी का पूजा-अर्चन किया। कमिश्नर रीवा जामोद ने मीडिया से रूबरू होते हुए दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर डीआईजी साकेत पाण्डेय, कलेक्टर रानी बाटड एसपी सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती के अवसर पर आठ कैदियों की रिहाई

### केंद्रीय जेल में उम्र कैद की सजा काट रहे थे, खुशहाल सामाजिक और पारिवारिक जीवन व्यतीत करने की हिदायत



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** गांधी जयंती के अवसर पर केंद्रीय जेल सतना में उम्र कैद की सजा काट रहे आठ बंदियों को रिहा किया गया। जेल मुख्यालय एवं राज्य शासन से सजा माफी का लाभ लेकर बुधवार को 8 बंदी सतना केंद्रीय जेल से रिहा कर दिए गए। ये बंदी आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे थे।

रिहाई पर जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने उन्हें पारिश्रमिक पासबुक, गीता के साथ फलदार पेड़ का पौधा भी उपहार में दिया।

उन्हें हिदायत दी कि वे रिहा होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ें और खुशहाल सामाजिक और पारिवारिक जीवन व्यतीत करें। इस दौरान उप जेल अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, सोनवीर सिंह कुशवाहा, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पांडेय एवं कल्याण अधिकारी अनिरुद्ध कुमार तिवारी भी मौजूद रहें।

**इनकी हुई रिहाई:** गांधी जयंती पर रिहा होने वाले बंदियों में सतना जिले का एक बंदी नंदू उर्फ नंद किशोर पटेल, पन्ना जिले के तीन बंदी रामफल लोधी, रामदीन चौधरी उर्फ बड्डा और मस्तराम पटेल शामिल हैं। इनके अलावा छतरपुर के चार बंदी मुखिया उर्फ राम महेश यादव, रामचरण अहिरवार, रज्जन उर्फ बहादुर सिंह और संतोष शुक्ला पिता को भी रिहाई मिली है।

16 अक्टूबर तक चलने वाले शक्ति पखवाडे का शुभांरभ

# कलेक्टर ने दिखाई जागरूकता रथों को हरी झण्डी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बेटियों को सशक्त बनाने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए सतना जिले में 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक शक्ति पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गांधी जयंती के अवसर पर महिला बाल विकास, पुलिस एवं स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के समन्वय से चलने वाले पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस मौके पर कलेक्टर ने दो जागरूकता प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर परियोजनाओं के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो. कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कारखुर, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, परियोजना अधिकारी अरूणेश तिवारी, पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा बेटियों को सशक्त बनाने और समाज में बेटे- बेटियों का भेदभाव मिटाने अनेक कार्यक्रम और योजनाएं संचालित की गई है। जिनका सकारात्मक प्रभाव रहा है कि बेटियों के प्रति समाज की मानसिकता में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सतना जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अनेक नवाचार की गतिविधियां ली गई हैं।

एकेएस यूनिवर्सिटी के प्रो. कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने कहा कि बालिका सामर्थ्य और महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम पखवाड़े के बाद भी सतत रूप से चलाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक हायर सेकेंडरी स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को आत्मरक्षार्थ मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता भी जताई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह ने शक्ति पखवाडे की गतिविधियों की जानकारी में बताया की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के शक्ति पखवाड़े में बेटियों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में पंजीयन प्रत्येक विकासखंड स्तर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शक्ति वाहिनी योजना, बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान लिंग चयन को हतोत्साहित करना और मेधावी बालिकाओं के सम्मान के साथ 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका मंच का आयोजन और कन्या पूजन के कार्यक्रम किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सतना और मैहर जिले में कुल 109 सेक्टर है। उनमें 15 दिवस के दौरान प्रचार रथ का भ्रमण होगा। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस नवरात्रि की महाअष्टमी के दिन है। इस दिन सभी 109 सेक्टरों में पंचायत राज संस्थाओं के माध्यम से कन्या पूजन के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान बालिकाओं को उदिता कार्नर के माध्यम से व्यक्तिगत स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय से सभी हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी, महाविद्यालयों में बालिकाओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर आईपीएस अकाडमी द्वारा अंबुज सिंह के निर्देशन में बालिकाओं ने मार्शल आर्ट का अद्भुत प्रदर्शन भी किया।

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज मैहर में

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा सुपरवाइजर पद की भर्ती के लिये सतना एवं मैहर जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 4 अक्टूबर 2024 तक सतना एवं मैहर जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस सिंगरौली में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 3 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई मैहर में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।